दोनों ईदों की नमाज़ दो रकात है इन दोनों नमाज़ों के लिये अजान और तक्बीर नहीं पहेले निय्यत इस तरह करे के मै ईदुल फ़ितर या ईदुल अजहा की वाजिब नमाज़ छे जायिद तक्बीरों के साथ इस इमाम के पीछे पढ्ता हुं फ़िर तक्बीरे तहेरीमा कहेकर हाथ बांद्ले और सना पढे फ़िर दोनों हाथ कानो तक उठाते हुवे अल्लाहु अक्बर कहेकर दोनों हाथ छोड दे फ़िर दूसरी बार हाथ कानों तक उठाकर अल्लाहु अक्बर कहेकर दोनों हाथ छोड्दे फ़िर तीसरी बार हाथ कानों तक उठाकर अल्लाहु अक्बर कहे और हाथ बांद्ले फ़िर इमाम त-अव्वुज, तस्मिया, सूरे फ़ातिहा, सुरत पढ्कर रुकू करे दूसरी रकात के लिये जब खडे हो तो इमाम पहेले क़िरात करे क़िरात से फ़ारिग होकर कानों तक हाथ उठाकर तक्बीर कहे और हाथ छोडदे फ़िर कानों तक हाथ उठा कर दूसरी

तक्बीर कहे और हाथ छोड़्दे फ़िर कानों तक हाथ उठा कर तीसरी तक्बीर कहे और हाथ छोड़्दे फ़िर बगैर हाथ उठाये चौथी तक्बीर कहेकर रुकू में जाये और क़ायिदे के मुवाफ़िक नमाज़ पूरी करे ।

फ़िर इमाम खडे होकर खुतबा पढे और तमाम लोग खामूष बैठ कर सुने ईदैन में भी जुमा की तरह दो खुत-बे हैं और दोनों के दरमियान बैठ्ना मस्नून है ।

{72} सलातुत तस्बीह नमाज़ का तरीक़ा

(1) जोहर से पहेले पढ्ना बेहेतर है हो–सके तो हर रोज़ पढे वरना जुमा को, वरना महीने में एक बार, वरना साल में एक बार और ये भी ना होसके तो उमर में एक बार इख्लास से पढ्ने से छोटे हो या बडे सब गुनाह अल्लाह तआला मआफ़ करदेंगे इनषा अल्लाह (2) निय्यत इस तरह करे के सलातुत तस्बीह की चार रकात नफ़िल नमाज़ पड्ता हुं वास्ते अल्लह के मूँह मेरा काबे षरीफ़ के (3) इस नमाज़ में तस्बीह (तीसरा कलिमा) 300 मरतबा पढ्ना चाहिये (तीसरा कलिमा : सुब–हानल्लाहि वल-हम्दु लिल्लाहि वलाइला–ह इल्लल्लाहु वल्लाहु अक-बर) सना के बाद 15 मरतबा जम सूरा पढ्ने के बाद 10 मरतबा रुकू में 10 मरतबा क़ौमा में (रुकू से उठ्ने के बाद) 10 मरतबा पहेले सज्दे में 10 मरतबा जल्से में (पहेले सज्दे के बाद) 10 मरतबा दूसरे सज्दे में 10 मरतबा इस तरह एक रकात में 75 मरतबा पढ्कर इसी तरह पूरी चार रकातों में 300 मरतबा पढे

{73} नमाज़े इस्तेखारा का तरीक़ा

जब भी कोई अहेम काम दर पेष हो तो दो रकात नफ़िल नमाज़ पढ़कर दुआये इस्तिखारा करते रहें इनषा अल्लाह उस काम के करने या ना करने के बारे में षरहे सदर होजायेगा ये नमाज़ और दुआ किसी भी मुनासिब वख्त में पढी जासकती है हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम बडे एहेतेमाम से ए अमल हज़राते सहाबाह किराम रज़ियल्लाहु अन्हुम को बताया करते थे बाज बुज़रुगाने दीन के तजरुबे में ये बात भी आयी है के अगर रात को सोने से पहेले सात दिन तक ये अमल किया जाये तो इनषाअल्लाह इस दौरान मुत-अल्लिक़ा काम के बारे में खाब में कुछ इषारा होजाये गा या फ़िर तबीअत का मैलान व रुजहान किसी एक तरफ़ हो जाये गा। बस वही काम करे इनषा-अल्लाह इसी में खैर व-भलायी होगी दो रकात नफ़िल नमाज़ के बाद ए दुआ करे

अल्लाहुम्म इन्नी अस-त-खीरु-क बि-इल्मि-क व-अस-तक़ दिरु-क बि-क़ुद-रति-क व-अस-अलु-क मिन फ़ज़-लिकल अजीम फ़-इन्न-क तक़-दिरु वला अक़-दिरु व-तअ्-लमु व-ला अअ्-लमु व-अन-त अल्लामुल गुयूब अल्लाहुम्म इन-कुन-त तअ्-लमु अन्न हाज़ल अम-र, खैरुल्ली फ़ी-दीनी व-म-आषी व-आक़िबति अम-री फ़क़-दिर-हुली व-यस्सिर-हुली सुम्म बारिक-ली फ़ीहि व-इन-कुन-त तअ्-लमु अन्न हाज़ल अम-र षर्रुल-ली फ़ी-दीनी व-म-आषी व-आक़िबति अम-री फ़स रिफ़-हु अन्नी वस-रिफ़-नी अन-हु वक़-

दिर लियल–खै–र हैसु का–न सुम्म अर–ज़िनी बिह

اَللّٰهُمَّ اِنِّی اَسْتَخِیْرُکَ بِعِلْمِکَ وَاَسْتَقْدِرُکَ بِقُدْرَتِکَ وَاَسْئَلُکَ مِنْ فَضْلِکَ الْعَظِیْمِ فَاِنَّکَ تَقْدِرُ وَلَا اَقْدِرُ وَتَعْلَمُ وَلَا اَعْلَمُ وَاَنْتَ عَلَّامُ الْغُیُوْبِ اَللّٰهُمَّ اِنْ کُنْتَ تَعْلَمُ اَنَّ هٰذَا الْاَمْرَ ☆ خَیْرٌ لِّیْ فِیْ دِیْنِیْ وَمَعَاشِیْ وَعَاقِبَةِ اَمْرِیْ فَاقْدُرْهُ لِیْ وَیَسِّرْهُ لِیْ ثُمَّ بَارِکْ لِیْ فِیْهِ وَاِنْ کُنْتَ تَعْلَمُ اَنَّ هٰذَا الْاَمْرَ شَرٌّ لِّیْ فِیْ دِیْنِیْ وَمَعَاشِیْ وَعَاقِبَةِ اَمْرِیْ فَاصْرِفْهُ عَنِّیْ وَاصْرِفْنِیْ عَنْهُ وَاقْدِرْ لِیَ الْخَیْرَ حَیْثُ کَانَ ثُمَّ اَرْضِنِیْ بِهٖ.

{74} नफ़िल नमाजों के अवक़ात और फ़ज़ाइल

तहज्जुद

रकातें :– 2,2 से 12 तक

वक़्त :– बेहेतर है. आधी रात के बाद या एक नींद के बाद

फ़ज़ीलत :– क़बर की रोष नी और रोजाना पढ्ने से मौत से पहेले वली बनेंगे

इषराक़

रकातें :– 2+2=4 वक़्त :– जब आफ़ताब बुलंद हो

फ़ज़ीलत :– मक़बूल हज और उमरे का सवाब और सारे दिन के कामो में अल्लाह मदद गार बनेंगे

चाश्त

रकातें :– 2 +2 से 12 तक

वक़्त :– जवाल से पहेले

फ़ज़ीलत :– रोजी में बर कत होगी

अव्वाबीन

रकातें :– 2 +2+2 =6 से 20 तक

वक़्त :– मगरिब के बाद

फ़ज़ीलत :– सवाब और बरकत

तहिय्यतुल वज़ू

रकातें :– 2 वक़्त :– जब भी वज़ू करे

फ़ज़ीलत :– हदीसे पाक में है के कोई अछ्छी तरह वज़ू करे दुनिया का खयाल किये बगैर तो अल्लाह तआला उस्के सारे गुनाहों को मआफ़ फ़रमादेंगे

तहिय्यतुल मसजिद

रकातें :– 2

वक़्त :– जब भी मसजिद में दाखिल हो

फ़ज़ीलत :– मसजीद क हक़ अदा होता है

सलातुल हाजत

रकातें :– 2

वक़्त :– कुछ हाजत या जरूरत हो

फ़ज़ीलत :– जरूरत पुरी होजती है

सलातुत तौबा

रकातें :– 2

वक़्त :– जाने अन जाने में कोई गुनाह होजाये तो

फ़ज़ीलत :– तौबा नसीब होती है

सलातुत तसबीह

रकातें :- 2

वक़्त :- रोजाना या हफ़्ते में या साल में या जिंदगी में एक बार

फज़ीलत :- अल्लाह तआला छोटे या बडे गुनाह को बखष देते है

{75} जनाज़े की नमाज़ का तरीक़ा

अव्वल नमाज़ के लिये सफ़ बांद कर खडे हों अगर आदमी ज़ियादा हों तो तीन या पांच या साथ सफ़ें बनाना बेहेतर हैं जब सफ़ें दुरुस्त होजाये तो नमाज़े ज़नाज़ा की नियत इस तरह करो के मै खुदा के वास्ते इस जनाज़े की नमाज़ इस मय्यत की दुआये मग्फ़िरत के लिये इस इमाम के पीछे पढ्ता हुं फ़िर इमाम ज़ोर से और मुक़तदी आहिस्ता से तक्बीर कहे और दोनों हाथ कानों तक उठा कर नाफ़ के नीचे बांद्ले और इमाम, मुक़तदी सब आहिस्ता आहिस्ता सना पढे सना में "त- आला जद्दु-क" के बाद वजल्ल सना-उ-क भी कहेले तो बेहेतर है फ़िर इमाम ज़ोर से और मुक़तदी आहिस्ता से बगैर हाथ उठाये दूसरी तक्बीर कहे और वो दरूद जो नमाज़ के कायिदे आखिरा में पढ्ते हैं इमाम और मुक़तदी सब आहिस्ता आहिस्ता पढे फ़िर दूसरी तक्बीर की तरह तीसरी तक्बीर कहे और अगर जनाज़ा बालिग मर्द या औरत का हो तो इमाम और मुक़तदी आहिस्ता आहिस्ता ये अरबी दुआ पढे "अल्लाहुम्मग-फ़िर-लि हय्यिना व-मय्यितिना व-षाहिदिना व-गायिबिना व-सगीरिना व-कबीरिना व-जकरिना व- उन-साना अल्लाहुम्म मन अह-यय-तहू मिन्ना

फ़–अह–यिही अलल–इस्लाम व–मन तवफ़्फ़ैतहू मिन्ना फ़–त–वफ़्फ़हू अलल ईमान"

اَللّٰهُمَّ اغْفِرْ لِحَيِّنَا وَمَيِّتِنَا وَشَاهِدِنَا وَغَائِبِنَا وَصَغِيْرِنَا وَكَبِيْرِنَا وَذَكَرِنَا وَاُنْثَانَا اَللّٰهُمَّ مَنْ اَحْيَيْتَهٗ مِنَّا فَاَحْيِهٖ عَلَى الْاِسْلَامِ وَمَنْ تَوَفَّيْتَهٗ مِنَّا فَتَوَفَّهٗ عَلَى الْاِيْمَانِ

अगर जनाज़ा ना बालिग लड़के का हो तो ये दुआ पढे

अल्लाहुम्मज अल–हु लना फ़–र–तव वज़–अल–हु लना अज–रव व–जुख–रव वज–अल–हु लना षाफ़िअव व–मुषफ़्फ़–आ

اَللّٰهُمَّ اجْعَلْهُ لَنَا فَرَطًا وَّاجْعَلْهُ لَنَا اَجْرًا وَّذُخْرًا وَّاجْعَلْهُ لَنَا شَافِعًا وَّمُشَفَّعًا

अगर जनाज़ा ना बालिग लड़की का हो तो ये दुआ पढे

अल्लाहुम्मज अल–हा लना फ़–र–तव वज–अल–हा लना–अज–रव व–जुख– रव वज–अल–हा लना षाफ़िअतव व–मु–षफ़्फ़–अह

اَللّٰهُمَّ اجْعَلْهَا لَنَا فَرَطًا وَّاجْعَلْهَا لَنَا اَجْرًا وَّذُخْرًا وَّاجْعَلْهَا لَنَا شَافِعَةً وَّمُشَفَّعَةً.

उस्के बाद इमाम ज़ोर से और मुक़तदी आहिस्ता से चौथी तक्बीर कहे और फ़िर इमाम ज़ोर से और मुक़तदि आहिस्ता से पहेले दायें तरफ़ फ़िर बायें तरफ़ सलाम फ़ेरे

{76} तबलींग के अल्फ़ाज़ के मानी

त :- तक्लीफ़ को बरदाष्त करके उम्मत को फ़ायिदा पहुंचाने वाला

बा :- बे दीनी पर रोने वाला

लाम :- लायानी बातों से बचने वाला

या :- यक़ीन के साथ दीन का काम करने वाला

गैन :- गैब के ऊपर यक़ीन रखने वाला

{77} अमीर की इताअत

हर हुकुम में अमीर की बात माने (बषर तैके वो किसी गुनाह का हुकुम ना करे) अगरचे उस्का हुकुम नफ़्स पर गिराँ गुज़रे और अप्नी राय के खिलाफ़ हो और अगरचे अप्ने से कम पढा लिख्खा हो ।

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़र्माया है के अगर तुम्हारा अमीर नाक कान कटा हुवा षख्स बनादिया जाये तो तुमे अल्लाह की किताब (कुर आन षरीफ़) के मुताबिक़ ले चल्ता हो तो उस्की भी बात सुनो और कहा मानो (मुस्लिम षरीफ़)

बाज़ दफ़ा ऐसा भी होगा अमीर तुम्हारी हैसियत से कम हैसियत वाले को एज़ाज़ व इक्राम या वाज़ जो तक़रीर के लिये तरजीह देगा अगर ऐसा होतो बुरा ना मानो

हज़रत उबादह बिन साबित रजि॥ फ़र्मातेहै के हम ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से इन षरतों पर बैत की के सख्तीमें और आसानीमें और खुषी में और नफ़्स के खिलाफ़ में और अप्ने ऊपर दूसरों को

तरजीह देने में बात सुनेंगे और इस पर अमल करेंगे और जहा भी हो हक़ कहेंगे अल्लाह के बारे में किसी मलामत करने वाले की मलामत से ना डरेंगे

{78} मषोरे का मक़सद

इत्तिहादे फ़िकर सब्की फ़िकिर का एक होना, इज्तिमाये क़ुलूब यानी तमाम दिलों का जुड जाना

{79} मषोरे की फ़ज़ीलत

मा नदि-म मनिस्तषा-र-व मा-खसि-र मनिस्तखा-र

مَانَدِمَ مَنِ اسْتَشَارَ وَمَاخَسِرَمَنِ اسْتَخَارَ

जिस्ने मषोरा किया वो षरमिंदा ना-हुवा, जिस्ने इस्तेखारा किया वो नुकसान ना उठाया_

{80} मषोरे के आदाब

(1)हर काम षुरू करने से पहेले और मषोरे से पहेले ये दुआ पढे :-अल्लाहुम्म अल-हिम-ना मराषि-द उमूरिना व-अ-इज़-ना मिन- षुरूरि अन-फ्फुसिना

اَللّٰهُمَّ اَلْهِمْنَا مَرَاشِدَ اُمُوْرِنَا وَاَعِذْنَا مِنْ شُرُوْرِ اَنْفُسِنَا

(2) मषोरा अल्लाह का हुकुम है अंबिया अलैहिस्सलाम की सुन्नत है सहाबा रजि॥ की आदत और हमारी जरूरत है (3) एक जिम्मेदार को मुंतक़ब करले अगर जमाअत का जिम्मेदार हैतो जरूरत नहीं है (4) अपनी राय अमानत समझ कर दे (5) राय को दाहिनी तरफ़ से देना षुरू करे (6) दीन के फ़ायिदे को साम्ने रख कर राय दे (7) साथियों की राय को ना काटे यानी जब एक साथी राय

दे रहाहो तो उस्की बात ना काटे (8) ज़िम्मेदार जिस से राय पूछे वही राय दे (9) जो साथी जिस काम के क़ाबिल हो उस्को साम्ने रख्ते हुये राय दे (10) मषोरे में मैनारिटि और मेजारिटी नहीं है (11) अमीर को इख्तियार है के बगैर राय या मषोरे से उमूर तै कर सकता है (12) खिदमत औंर एलान में अप्ने को साम्ने रख्खे दीगर (दूसरे) उमूर में दूसरों को तरजीह दे (13) जिस्की राय पर अमीर फैस्ला करे वो इस्तिग्फ़ार करे जिस्की राय कुबूल ना हुवी वो इस पर अल्लाह का षुकुर अदा करे (14) जिस बात पर फैस्ला होजाये तमाम साथी उस्को खुष दिली के साथ अल्लाहुम्म खैर कहेते हुवे कुबूल करे और काम को अनजाम दे (15) मषोरे से पहेले मषोरा ना करे मषोरे के बाद उस पर तब्सिरह ना करे (16) मषोरे में तीन फिकरें ले कर बैठे 1) पहेलि फिकर ए है के मेरी इस्लाह किस तरह़ होजाये मेरी जिंदगी से लेकर इस मोहल्ले और पूरी दुनिया में दीन किस तरह जिंदा होजाये 2) दूसरी फ़िकर ए है के जिस तरह मैं अल्लाह के रास्ते में निक्लाहूँ उसी तरह यहाँ के लोग किस तरह निकल जायें 3) तीसरी फिकर ए है के अगर मस्जिद वार जमात कम्ज़ोर होतो उसे मज़्बूत बनाये अगर मस्जिद वार जमात मज़्बूत होत्तो उस्से काम सीखे (17) मषोरे (मज्लिस) के खतम पर ए दुआ पढे :-

"सुब-हानल्लाहि व-बिहम-दिही सुब-हा-न कल्लाहुम्म व-बि हम-दि-क अष-हदु अल्लाइलाह इल्ला अन-त अस-तग फ़िरु-क व-अतूबु इलैक"

سُبۡحَانَ اللّٰہِ وَبِحَمۡدِہٖ سُبۡحَانَکَ اللّٰھُمَّ وَبِحَمۡدِکَ
اَشۡھَدُ اَنۡ لَّا اِلٰـہَ اِلَّا اَنۡتَ اَسۡتَغۡفِرُکَ وَاَتُوۡبُ اِلَیۡکَ

{81} तालीम के आदाब

तालीम का मक़सद आमाल से जिंदगी बन्ने और बिगड़ने का यक़ीन पैदा हो

षेअर

अमल से जिंदगी बन्ती है जन्नत भी जहन्नम भी
ए खाकि अपनी फितरत में ना–नूरी है ना–नारी

(1) बा वज़ू बैठ्ने की कोषिष करे (2) बा अदब बैठे (3) तालीम का मक़सद दिल मुत–अस्सिर हो यानी जन्नत के वाक़िआत आये तो दिल खुष हो जहन्नम के वक़िआत आये तो दिल गमगीन हो (4) कलामुल्लाह और उस्के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की बात और साहिबे कलाम की अज़्मत को दिल में लेकर बैठे (5) तालीम में बैठ्ने से पहेले अपनी ज़रूरिय्यात से फ़ारिग हो कर बैठे (6) तालीम में छोटे छोटे तक़ाज़ो (ज़रूरिय्यात) को रोक्ले (7) ध्यान व तवज्जुह के साथ दिल लगा कर बैठे (8) इस निय्यत से बैठे के दीन की बातें आयें तो उस पर अमल करेंगे और दूसरो तक पहुंचाते रहेंगे (9) पढ्ने वाले को देखें या किताब को देखे (10) दिवार को लग कर या टेक लगा कर ना बैठे (11) हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का नामे मुबारक आये तो दरूद षरीफ़ पढे (12) हदीस के दरमियान में कोई बात अपनी तरफ़

से ना कहे (13) साथियों को मुतवज्जे करे (14) तालीम के तीन हिस्से 1) कुर आन की तालीम 2) फ़जायिल की तालीम (एक दिन फ़जायिले आमाल और एक दिन मुन्तखब अहादीस) 3) छे सिफ़ात का मुज़ाकिरा (15) हर हदीस को तीन मरतबा पढा जाये फ़ायिदे को एक मरतबा पडा जाये (16) सहाबा का नाम आये तो रजियल्लाहु अन्ह बुज़रुग या वली का नाम आये तो रहेमतुल्लाहि अलैह मक्का और मदीने का नांम आये तो ज़ादहल्लाहु षरफ़व व–अज़्मह, अल्लाह तआला उस्की अज़्मत और षराफ़त को बढाये

{82} रवानगी के आदाब

(1) तआम–सेट की फ़ेहरिस्त के बराबर पूरी चीज़ों को बांध ले (2) मस्जिद की कोई चीज़ अप्ने पास ना हो और अपनी कोई चीज़ मस्जिद में ना हो (3) मस्जिद को पहेले से भी ज़ियादा साफ़ रख्खे (4) सारे साथी जुड कर फ़िकर और दुआ करे के या अल्लाह तेरी मस्जिद को इस्तिमाल करके जिस तरह का काम करना था उस तरह ना कर सके इनषा–अल्लाह जिस मस्जिद में जायेंगे उस मस्जिद में खूब मेहेनत करके नगद जमाअत निकालेंगे (5) अपनी अपनी ब्यागों का और तआम सेट का खयाल करे (6) अपनी अपनी जोडि के साथ नदामत करते हुवे एक बाजू से चले (7) आहिस्ता से सीख्ना सिखाना और ज़िकर और फ़िकर के साथ चले (8) नज़रों की हिफ़ाज़त करे (9) सफ़र में कोई सलाम करे तो ऐक साथी जवाब दे (10) मस्जिद को देखे तो दरूदे षरीफ़ पढे और दुआ

पढ़कर मस्जिद में दायाँ पैर रखखे (11) मस्जिद में दाखिल होने के बाद एतिकाफ़ की दुआ पढ़कर तहिय्यतुल वज़ू और तहिय्यतुल मस्जिद पढ़कर फ़ौरन मषोरे में बैठे (12) मस्जिद को जिस हाल में पाया था उस से बेहेतर हाल में छोड कर जाये मस्जिद की जो बिज्ली (करेंट) वगैरा इस्तेमाल किये हैं उस्की रक़म अदा करने की कोषिष करे

{83} तआरुफ़ी बात

मेरे मोहतरम भायियो बुज़रुगो दोस्तो अल्लाह तआला गुज़रे हुवे जमाने में सैकडों बरसों से नेक कामों का हुकुम करने और बुरे कामों से रोक्ने के लिये नबियों को भेजा करते थे अब नबुव्वत का दरवाज़ा बंद होचुका है हमारे आखिरी नबी मुहम्मद स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम इस काम को उम्मत पर सोंप दिया है अल्लाह त–आला इस काम के लिये हुज़ूर स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की उम्मत को चुन लिया है इस लिये क़ुरआन में इरषाद फ़रमाते हैं तुम बेहेतरीन उम्मत हो जो नफ़ा रसानी के लिये निकाली गयी हो नेक काम करते हो और नेक काम करने की दावत देते हो बुरे कामों से बच्ते हो और बुरे कामों से बच्ने की दावत देते हो इस काम को सहाबा, ताबिईन, तब–ये ताबिईन, और औलियाये किराम और सारे नेक लोगो ने किया और हर मुसलमान इस दावत वाली मेहेनत को करना है इस लिये कोन कोन साथ देंगे बतायें

{84} फ़ज़ाइले ज़िकर

मेरे भाइयो बुज़रुगो और दोस्तो हदीसे पाक के

मफ़हूम में है के ज़िकर से दिल की सफ़ायी होती है और गाफ़िलों में ज़िकर करने वाला ऐसा है जैसे अंधेरे घर में चिराग़ है इस लिये हमको घर में दुकान में चल्ते फिरते हर हमेषा ज़िकर की पाबंदी करके अल्लाह के ध्यान को लाना है हमारे बुज़रुगाने दीन आसान तरीक़ा बनाते हैं के रोज़ाना सुबह व षाम 3 तस्बीहात की पाबंदी करे तीसरा कलिमा 100 मरतबा, दरूद षरीफ़ 100 मरतबा और इस्तिग़फ़ार 100 मरतबा पढे ।

<u>तीसरा कलिमा :-</u> सुब हानल्लाहि वल-हम-दु लिल्लाहि व-लाइला-ह इल्लल्लाहु वल्लाहु अक्बर व-ला-हौ-ल वला क़ुव्व-त इल्ला बिल्लाहिल अलिय्यिल अज़ीम ।

سُبْحَانَ اللّٰهِ وَالْحَمْدُ لِلّٰهِ وَلَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَاللّٰهُ اَكْبَرُ

وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ الْعَلِیِّ الْعَظِیْمِ

<u>दरूद षरीफ़ :-</u> जज़ल्लाहु अन्ना मुहम्मदम माहु-व अह-लुहू सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम

جَزَی اللّٰهُ عَنَّا مُحَمَّدًا مَّا هُوَ اَهْلُهٗ صَلَّی اللّٰهُ عَلَیْهِ وَسَلَّمَ

<u>इस्तिग़फ़ार :-</u> अस्तग-फ़िरुल्लाहल्लज़ी ला-इला-ह इल्ला हुवल हय्युल क़य्युम व-अतूबु इलैह

اَسْتَغْفِرُ اللّٰهَ الَّذِیْ لَا اِلٰهَ اِلَّا هُوَ الْحَیُّ الْقَیُّوْمُ وَاَتُوْبُ اِلَیْهِ

हदीसे पाक के मफ़हूम में है के सुब-हानल्लाह 100 मरतबा पढ़ने से 100 अरब गुलामों को आज़ाद करने का सवाब मिलेगा अल-हम-दु लिल्लाह 100 मरतबा

पढ़ने से 100 अरब घोडों को साज़ो सामान के साथ जिहाद में सवारी के लिये देने का सवाब मिलेगा, अल्लाहु अक्बर 100 मरतबा पढ़ने से 100 ऊंट क़ुरबानी में जुबह किये और क़ुबूल हुवे उतना सवाब मिलेगा और ला-इलाह इल्लल्लाह 100 मरतबा पढ़ने से आस्मान व ज़मीन के दरमियान जितनी जगे है सब नेकियों से भर जाती है ला-हौ-ल वला क़ुव्व-त इल्ला बिल्लाहिल अलिय्यिल अज़ीम 100 मरतबा पढ़ने से 99 बीमारियों से हिफ़ाजत होती है दरूदे षरीफ़ एक मरतबा पढ़ने से 40 फ़ायिदे हैं, 10 गुनाह माफ़ होजाते हैं, 10 नेकियाँ नाम-ए-आमाल में लिख्खी जाती हैं, जन्नत के 10 दरजे बुलंद होते हैं, 10 रहेमतें नाज़िल होती हैं, इख्लास के साथ 3 मरतबा इस्तिगफ़ार पढ़ने से समुंदर के झागों के बराबर भी गुनाह हो तब भी अल्लाह तआला माफ़ परमादेते हैं

{85} गष्त के आदाब

मेरे बयियो बुज़रुगो दोस्तो ! अल्लाह तआला इस दुनिया को उजूद मे लाने के बाद अठारा (18) हज़ार मखलुक़ात बनाया सारि मखलुक़ात मे इनसान को अष रफ़ुल मखलूक़ बनाया । और इनसान को सहि रास्ता दिखाने के लिये अंबिया अलैहिस्सलाम को भेजा करते थे । हर **नबि** आकर लोगों को अल्लाह कि तरफ़ बुलाते थे । जो नबि कि बात को मानता था वो कामियाब होत था । जो नबि कि बात को इनकार करता वो ना कामियाब होता था

हमारे आखिरि नबि मुहम्मद सोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम तक नबुव्वत का दरवाज़ा बंद होचुका है अब

कोयि नबि आने वाले नहि है अल्लाह पाक इस नबियो वाले काम के लिये इस उम्मत को चुनलिया है अल्लाह तआला क़ुरआने पाक मे भि कयि जगा इस उम्मत कि तारिफ़ किये है उस्से बेहेतर किस कि बात होसकति है जो अल्लाह से बिचडे हुवे बंदो को अल्लाह कि तरफ़ बुलाये

हमारे नबि मुहम्मद सोल्लल्लाहु अलैहि वस्ल्लम इस उम्मत को जहन्नम से बचाकर जन्नत को लेजाने के लिये एक एक के पास सत्तर (70) सत्तर मरतबा जाकर दावत देते थे दिन भर दावत देने मे रात भर इस उम्मत के लिये अल्लाह के सामने गिड गिडाकर रोते थे और एक मोखेपर फ़रमाया इस्का मफ़हूम है के जितनि दीन कि बाते तुमे मालुम है वो दूसरो तक पहुंचावो, इस दीन कि दावत कि ज़िम्मेदारि इस उम्मत को दिये है इस दीन कि मेहेनत के लिये गष्त वाला अमल ज़रूरि है । इस रास्ते मे निकल कर एक मरतबा अल्लाह पाक का नाम लेंगे तो साथ लाक (7,00,000) मरतबा कहेने का सवाब मिलता है । एक क़दम डालेंगे तो साथ सौ(700) क़दम डालने का सवाब मिलता है इस रास्ते कि गर्द गुबार जिसम पर पडति है तो इस को जहन्नम कि आग तो क्या जहन्नम का धुवा बि नहि छु सकता । अल्लाह तआला जब भि दुनिया के अंद्र अज़ाब को भेजने का इरादा करते है तो इस गष्त वाले अमल के बजेसे अपने अज़ाब को रोक लेते है गष्त का अमल इस दीन के काम में रीड की हाड्डी की तरह है अगर ए अमल सही फ़िकरों के साथ होगा तो दावत क़ुबूल होगी दावत क़ुबूल होगी तो दुआ क़ुबूल होगी दुआ क़ुबूल होगी तो

हिदायत उतरेगी इस गष्त के लिये सारे साथि तय्यार है क्य बाय इनषाअल्लाह, गष्त के लिये चार आमाल जरूरी हैं (1) उमूमी गष्त के लिये जाना (2) इस्तेक़बाल के लिये टेहेरना (3) दरमियानी बात चलाना (4) ज़िकर और दुआ में बैठ्ना

<u>(1) उमूमी गष्त :-</u> उमूमी गष्त के लिये ज़ियादा से ज़ियादा 10 आदमी हों और कम अज़ कम 3 आदमी हों एक रेहेबर, दूसरा मुतकल्लिम, तीसरा अमीर,

<u>रेहेबर :-</u> रेहेबर मुक़ामी होतो बेहेतर है रेहेबर साब का काम ए है के जोभी मुसल्मान भायि दिखे तो उस्को अच्छे अंदाज़ से नरमी और आज़िज़ि से सलाम करके मुतकल्लिम साब से मिलाये अगर दुकान का मालिक होतो दुकान के बाहर बुलाकर मिलाये रेहेबर तरतीब के साथ दुकान व मकान वालो से मिलाये

<u>मुतकल्लिम :-</u> मुतकल्लिम का काम ए है के जिस से भी मुलाखात हो उस्को सलाम और मुसाफ़हा करके ईमान और यखीन की बात बताकर नगद मस्जिद में लाने की कोषिष करे इतनी भी बात ना हो के एलान होजाये और इतनी भी बात नाहो के बयान होजाये अगर कोई उज़र बताये तो दाई बनाकर छोडदे यानी दूसरों को लेकर आने की फ़िकर दिलाये हर साथी दीन का मोहताज बनकर सुने मुतकल्लिम साब हर साथी को देख्ते हुवे बात बताये

<u>अमीर साब :-</u> अमीर साब का काम ए है के मस्जिद से निकल्ते वक़्त दुआ करके निक्ले एक बाजू से जाये रेहेबर सामने और रेहेबर के पिछे मुतकल्लिम हो पूरे

साथियों की निगरानी करते हुवे अमीर साब आखिर में हो ज़िकर और फ़िकर के साथ साथियों को लेकर चले कोई उसूल टूटे तो एक बाज़ू में जुडकर फ़िकर दिलाये कोई साथी ज़िकर से गाफ़िल होतो तलक़ीन करे नज़रों की हिफ़ाज़त करे घर के पास गये तो परदे का खयाल करते हुवे एक बाज़ू में टेहेरे वापसी में नदामत के साथ इस्तेगफ़ार पढ्ते हुवे आये

(2) इस्तेकबाल :- इस्तेकबाल में एक या दो साथियों को रख्खे मस्जिद के दरवाज़े के पास रहेकर आने वाले भायियों को सलाम खैर खैरियत पूछकर दीनी मज्लिस में बिठाये अगर नमाज़ ना पढे होतो वज़ू कराके नमाज़ पढाये फ़ुजूल बात किये बगैर ज़िकर फ़िकर में रहे

(3) दरमियानी बात :- दरमियानी बात में बाक़ी साथियों को जोडकर दीन का ज़ेहेन बनाये अल्लाह के रासते के फ़ज़ाइल बताकर इरादे कराये फिर नमाज़ के बाद बैठ्ने की और दूसरों को बिठाने की फ़िकर दिलाये

(4) ज़िकर व दुआ :- गष्त की जान ज़िकर और दुआ है किसी एक या दो साथी को ज़िकर और दुआमें बिठाये थोडि देर ज़िकर करके गष्त वाला काम कामियाब होने के लिये और सारे आलम (दुंनिया) में हिदायत के लिये अल्लाह से दुआ करे दुआ और दावत के ज़रिये से लोगों को हिदायत मिलती है

{86} छे सिफ़ात

मेरे मोहतरम भायियो बुज़रुगो दोस्तो सारे इन्सानों की कामियाबी इस मुबारक दीन में है जिस की ज़िंदगी

में दीन होगा वो दुनिया और आखिरत में कामियाब होगा जिस की ज़िंदगी में दीन ना होगा वो दुनिया और आखिरत में ना कामियाब होगा हुज़ूर स़ाल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सोहबत में रहेकर सहाबा रजि॥ बहुत से सिफ़ात सीखे उन में से चंद सिफ़ात पर अमली मष्क करने से दीन पर चलना आसान होगा वो सिफ़ात ए हैं (1) ईमान (2) नमाज़ (3) इल्म व ज़िकर (4) इकरामे मुस्लिम(5) इख्लासे निय्यत (6) दावत व तब्लीग

<u>(1) ईमान :</u> ईमान से ए चाहा जारहा है के मेरे दिल का यक़ीन सही होजाये एक अकेले अल्लाह से होने का यक़ीन हमारे अंदर आजाये गैरुल्लाह से होने का यक़ीन हमारे अंदर से निकल जाये ईमान के मफ़्हूम की पहुंच दिमाग तक है ईमान के हुरूफ़ की पहुंच किताब तक है ईमान के बोल की पहुंच ज़ुबान तक है ईमान की आवाज़ की पहुंच कानों तक है ईमान के ईख्लास की पहुंच दिल तक है ज़ाहिर के खिलाफ़ बोलने से ज़ाहिर के किलाफ़ सोछने से ज़ाहिर के खिलाफ़ सुन्ने से और ज़ाहिर के खिलाफ़ चलने से ईमान की हक़ीक़त आयेगी एक हदीसे पाक का मफ़हूम है के दुनिया में एक भी ईमान वाला रहेकर अल्लाह अल्लाह केहेता है तो अल्लाह तआला सारी दुनिया का निज़ाम चलायेंगे और इस दुनिया में एक भी ईमान वाला ना रहे तो ज़मीन और आस्मान को तोड कर क़ियामत नाज़िल करेंगे

ईमान का कलिमा ला–इला–ह इल्लल्लाहु मुहम्मदुर रसूलुल्लाह स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम उस्के मानी

अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं और मुहम्मद स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम अल्लाह के रसूल हैं इसका मतलब ए है के किसी से कुछ नहीं होता सिवाये अल्लाह के इ़ज़्ज़त का देना ज़िल्लत का देना हयात का देना मौत का देना बीमारी का देना षिफ़ा का देना दिन और रात को तबदील करना रोज़ी का देना परेषानी का देना मुहब्बत का डालना और नफ़रत का डालना सब कुछ अंल्लाह के हाथ में है हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के तरीक़े में सौ फ़ीसद कामियाबी है गैरों के तरीक़े में ना कामियाबी है कलिमे का तक़ाज़ा ए है के मन चाही ज़िंदगी छोड कर रब चाही ज़िंदगी इख़्तियार करे

ईमान हमारी ज़िंदगी में आने के लिये 3 लैन की मेहनत करना है (1) दीनी मजालिस में बैठ कर ईमान के फ़ज़ाइल को खूब सुने और लोगों में चल फिर कर ईमान की हक़ीक़त और अल्लाह की बडायि को खूब बोलना (2) अल्लाह की बनायि हुवी चीज़ों में पर खूब ग़ौर व फ़िकर करना (3) अल्लाह से रो रो कर हक़ीक़त वाले ईमान को मांग्ना

<u>(2) नमाज़ :</u> नमाज़ से ए चाहा जारहा है के हमारी ज़िंदगी सिफ़ते सलात पर आजाये यानी नमाज़ में जैसा हम अल्लाह का हुकुम पूरा करते हैं वैसा ही नमाज़ के बाहर अल्लाह का हुकुम पूरा करने वाले बन जाये और दो रकात नमाज़ पढ्कर अल्लाह तआला की क़ुदरत से फ़ायिदा उठाने वाले बने हदीसे पाक के मफ़हूम में है के जो षख्स पांच वक़्त की नमाज़ पाबंदी के साथ पड़ता है

तो उस्को अल्लाह तआला पांच इनाम देते हैं (1) रिज़क़ की तंगी दूर कर देते हैं (2) क़बर का अज़ाब हटादेते हैं (3) आमाल नामा दायें (सीदे) हाथ में देते हैं (4) पुल सिरात का रास्ता बिज्ली की तरह पार करा देते हैं (5) हिसाब से मेहेफ़ूज़ परमायेंगे

नमाज़ हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की आँखों की ठनडक है मोमिन का नूर है षैतान का मूँह काला कर देती है और दिल का सुकून है जिस तरह बदन के लिये सर ज़रूरी है उसी तरह मुसलमान के लिये नमाज़ पढ्ना भी ज़रूरी है

हक़ीक़त वाली नमाज़ बनाने के लिये 3 लैन की मेहेनत करना है (1) दीनी मजालिस में बैठ कर नमाज़ के फ़ज़ायिल को खूब सुने और लोगों में चल फ़िर कर हक़ीक़त वली नमाज़ और नमाज़ के फ़ज़ायिल की खूब दावत देना (2) नमाज़ को ज़ाहिर और बातिन के एतेबार से दोदो रकात नफ़िल नमाज़ पढ्कर मष्क करे (3) अल्लाह से रो रो कर हक़ीक़त वाली नमाज़ मंगे

<u>**(3) इल्म व ज़िकर :**</u> इल्म एक रास्ता है ज़िकर एक रोष्नी है । इल्म से ए चाहा जारहा है के हमारे अंदर तेहेक़ीक़ का जज़बा पैदा होजाये कम अज़ कम इतना जान्ना है के हराम व हलाल की पेहेचान होजाये हदीसे पाक के मफ़हूम में है के जो षख्स इल्मे दीन को सीखने के लिये निकल्ता है तो उस्के लिये समुंदर की मछलियाँ, दरिंदे, चरिंदे और परिंदे मगफ़िरत की दुआ करते हैं ए सिफ़त हमारी ज़िंदगी में आने के लिये 3 लैन की

मेहेनत करना है (1) दीनी मजालिस में बैठ कर इल्मे दीन के फ़ज़ायिल को खूब सुने और लोगों में चल फिर कर इल्मे दीन की फ़ज़ीलत की खूब दावत दे और लोगों को अप्ने अंदर इल्मे दीन सीखने का षोख व तलब पैदा करे (2) मसायिल वाले इल्म को मोतबर उलमा से मालूम करे और फ़ज़ाइल वाले इल्म को दीनी किताबों और तालीम के हलक़ों में हासिल करे (3) अल्लाह से रो रो कर हक़ीक़त वाला इल्म मंगे

ज़िकर से ए चाहा जारहा है के अल्लाह का खुर्ब और ध्यान पैदा होजाये हदीसे पाक के मफ़हूम में है के ज़िकर करने वाला जिंदे की मिसाल है और ज़िकर ना करने वाला मुरदे की मिसाल है और एक हदीसे पाक के मफ़हूम में है के रोज़ाना जिस्की जुबान अल्लाह के ज़िकर से तरो ताज़ा रेहेती है वो षख्स हस्ते हुवे जन्नत में दाकिल होगा ए सिफ़त हमारी ज़िंदगी में आने के लिये 3 लैन की मेहेनत करना है (1) दीनी मजालिस में बैठ कर ज़िकर के फ़ज़ाइल को खूब सुने और लोगों में चल फ़िर कर ज़िकर के फ़ज़ील की खूब दावत देना (2) तन्हायि में बैठकर अल्लाह का ज़िकर करना है सुबह व षाम तीन तस्बीहात की पाबंदी करे और ए कैफ़ियत होना है के अल्लाह मेरे साम्ने है मुझे देख रहा है और मेरा ज़िकर सुन रहा है (3) अल्लाह से रो रो कर ज़िकर की हक़ीक़त मंगे

<u>**(4) इक्रामे मुस्लिम :**</u> इक्रामे मुस्लिम से ए चाहा जारहा है के रसूलुल्लाह सोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम

के अख्लाक़ हमारे अंदर आजायें और अप्ने हक़ को पेहेचांते हुवे दूसरों के हुक़ूक़ अदा करे हदीसे पाक के मफ़्हूम में है के एक भायि दूसरे भायि की परदा पोषी करता है तो अल्लाह तआला क़ियामत के दिन उस्की परदा पोषी करेंगे और एक हदीसे पाक के मफ़्हूम में है के बडों की इज़्ज़त करे छोटों पर षफ़्खत करे उलमाये दीन की क़दर करे जो ऐसा नहीं करता हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया वो हम में से नहीं ए सिफ़त हमारी ज़िंदगी में आने के लिये 3 लैन की मेहेनत करना है (1) दीनी मजालिस में बैठकर अछछे अख्लाक़ के फ़ज़ाइल को खूब सुने और लोगों में चल फिरकर हुज़ूर स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम और सहाबा के अख्लाक़ हम्दरदी और ईसार के वाक़िआत की खूब दावत देना (2) हर साथी की खिदमत करके अप्ने अंदर तवाज़ू पैदा करे और हर अल्लाह के बंदे को मुहब्बत भरी निगाह से देखे और अप्ने आप को हक़ीर सम्झे (3) अल्लाह से रो रो कर हुज़ूर स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम वाले अख्लाक़ को मंगे

<u>(5) इख्लासे निय्यत :</u> इख्लासे निय्यत से ए चाहा जारहा है के जो भी नेक काम करे अल्लाह की रज़ामंदी के लिये करने वाले बने जो भी नेक काम अल्लाह की रजा के लिये रायि के दाने के बराबर भी करेंगे तो अल्लाह तआला उहद के पहाड के बराबर सवाब देंगे अगर दिख्लावे के लिये उहद के पहाड के बराबर भी कोई नेक काम करे तो रायि के दाने के बराबर भी उस्का अजर व सवाब नहीं देंगे और इख्लास वाले की अलामत ए है के कोई तारीफ़

करे तो खुष ना हो अगर कोई नफ़रत या खते रहेमी करे तो उन्से दुष्मनी और बद्ला ना हो ए सिफ़त हमारी ज़िंदगी में आने के लिये 3 लैन की मेहे त करना है (1) दीनी मजालिस में बैठकर इख्लास के फ़ज़ाइल को खूब सुने और लोगों में चल फिरकर इख्लास के फ़ज़ाइल की खूब दावत देना (2) हर अमल से पहेल और दरमियान में और आखिर में अपनी निय्यत्त को तीन मरतबा टटोल (3) अल्लाह से रो रो कर इख्लास की हक़ीक़त मंगे

(6) दावत व तब्लीग : दावत व तब्लीग से ए चाहा जारहा है के इस दीन की मेहेनत को अपनी जिम्मे दारी समझ्ते हुवे अपनी ज़ात से लेकर पूरे आलम में दीन जिंदा होने के लिये काम के आलमी तक़ाज़ों को अपनी जान और माल के साथ पूरा करना कुर आने पाक में आता है के उस्का मफ़हूम ए के अल्लाह तआला ने जन्नत के बद्ले में ईमान वालो के जान व-माल को खरीद लिया है हदीसे पाक के मफ़हूम में आता है के अल्लाह के रासते में थोडी देर के लिये निकल्ना दुनिया और दुनिया की तमाम चीज़ों से अफ़्ज़ल है ये सिफ़त हमारी ज़िंदगी में आने के लिये 3 लन की मेहेनत करना है (1) दीनी मजालिस में बैठकर अल्लाह के, रासते की फ़जीलतों को खूब सुने और लोगों में चल फ़िरकर अल्लाह के रासते के फ़जायील की खूब दावत देना (2) हम जहाँ भी जायें 4 महीने 40 दिन और 3 दिन की जमातों को निकाले और अप्ने तक़ाज़ों को दबाकर 4 महीने 40 दिन और 3 दिन अल्लाह के रासते में पाबंदी

के साथ निक्ले (3) अल्लाह से रो रो कर अल्लाह के रासते में निकलने की तौफ़ीक़ मंगे ।

{87} मुक़ामी 5 काम

(1) रोज़ाना किसी नमाज़ के बाद सर जोड कर बैठके ए फ़िकर करे के किस तरह मेरी ज़िंदगी से लेकर सारे आलम में100 फ़ीसद दीन ज़िंदा होजाये (2) मस्जिद की आबादी के लिये ढायि घंटे वख्त निकाले (3) रोज़ाना मस्जिद की तालीम और घर की तालीम करे घर की तालीम में छें सिफ़ात के मुज़ाकरे भी करे (4) हर हफ़्ते में गष्त करे अपनी मस्जिद का गष्त और पडोसी मस्जिद का गष्त करे (5) हर महीने में 3 दिन अल्लाह के रासते में निक्ले

{88} अल्लाह के रासते में निकल कर 16 बातों के दायिरे में चले

(1) चार कामों में ज़ियादा से ज़ियादा वक़्त लगाये (1) दावत देने में (2) सीखने और सिखाने में (3) इबादत में (4) तालीम में

(2) चार कामों में कम से कम वक़्त लगाये (1) खाने पीने में (2) नहाने धोने में (3) सोने में (4) जरुरिय्यात में (मसलन पिषाब पाखाना करने में)

(3) चार काम बिलकुल ना करे (1) फ़ुज़ूल खरच (2) लायानी बातें (3) दिल और ज़ुबान का सवाल (4) बगैर इजाज़त के किसी साथी की कोई चीज़ लेना

(4) चार काम खिदमत की लैन से करे (1) खुद की खिदमत खुद करे (2) साथियों की खिदमत करे (3) बस्ती वालों की खिदमत करे (4) अमीर साब की खिदमत

करे यानी अमीर की माने

{89} अल्लाह के रासते के इज़्तेमाई आमाल 8 हैं

(1) सफ़र (2) मषोरा (3) तालीम (4) नमाज़ें (5) गष्त (6) बयान (7) खाना (8) सोना

{90} ख़ाना खाने के आदाब

(1) खाने से पहेले दोनों हाथ धोले और कुल्ली करे (2) हाथ को कपडे से ना पोचे (3) दस्तर खान बिछाये (4) एक ज़ानू या दो ज़ानू बैठे (5) सर डाक्ले (6) खाने से पहेले की दुआ बिस्मिल्लाहि व़-अला ब-र-कतिल्लाह पढे (7) सीदे हाथ से खाये (8) एक बरतन में ज़ियादा से ज़ियादा साथी बैठ्ने की कोषिष करे (9) बरतन के बीच के हिस्से से ना खाये (10) पेट के तीन हिस्से करे खाना पानी और हवा (11) साथियों का खयाल करते हुवे खाये (12) ज़िकर करते हुवे खाये अल्लाहुम्म लकल-हम-दु व-ल-कष-षुक-रु दुनिया की बातें ना करे (13) खाने को ऐब ना लगाये (14) गुस्से और तकब्बुर से टेक लगाकर ना खाये (15) ज़ियादा गरम खाना ना खाये (16) गरम खाने को मूँह से ना फूंके (17) दाग लगा हुवा खाना ना खाये (18) एक दाना भी ना गिराये अगर दाने गिरे तो उठाकर खाने से तकब्बुर टूट्ता है (19) अगर खाने से पहेले की दुआ भूल जाये तो ए दुआ **पढे** "बिस्मिल्लाहि अव्वलहू व-आखिरहू" (20) पानी पीने से पहेले पानी को देखकर बिस्मिल्ला पढे और तीन सान्स में पीकर अल-हम-दु लिल्लाह कहे (21) मेहेमान बन्कर खाते वक़्त मेज़बान ना बने जिस को जितनी जरूरत है उतना ही खाना डाले (22)

कहीं दावत में लाये हुवे ख़ाने के बरतनों को खाना डाल लेकर पूरा साफ़ ना करे बलके थोडा बचाकर रख्खे ताके मेज़बान का दिल ना दुखे (24) खाना खाये हुवे बरतन मे हाथ ना धोये (25) साथियों की इजाज़त के बगैर दसतर खान पर सें ना उठे (26) खाने के बाद ये दुआ पढे "अल-हम-दु लिल्लाहिल्लज़ी अत-अ-म-ना व-स-क़ाना व-ज-अ-ल-ना मिनल मुस्लिमीन"

{91} खाना खाने में भी 6 सिफ़ात हैं

(1) कलिमा : खाना खाने से पेट नहीं भरता पेट भरने वाली ज़ात अल्लाह की है ।

(2) नमाज़ : खाना खाना अल्लाह का हुकुम है अगर नबि सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के तरीक़े और सुन्नतो पर खाये तो इबादत बनेगा ।

(3) इल्म व ज़िकर : हलाल खाये और हराम से बचे ज़िकर करते हुवे खाये ।

(4) इकरामे मुस्लिम : साथियों का इकराम करते हुवे खाये

(5) इख्लासे नियत : अल्लाह राजी होने के लिये खाये

(6) दावत व तब्लीग : खाना खाने से जितनी भी क़ुव्वत मिलती है उस क़ुव्वत से अल्लाह के रासते में चल फिर कर खूब दावत दे ।

{92} सोने के आदाब

(1) सोने से पहेले जरूरिय्यात से फ़ारिग होकर बा वजू सोवे (2) बिस्तर को तीन मरतबा झटकना सुन्नत है अगर अल्लाह के रास्ते में होतो मस्जिद के बाहर झट्के (3) मोटा बिसतर नीचे बिछाये (4) दिवार को लगाकर ना

बिछाये (5) मस्जिद में होतो सारे साथि एक बाज़ू में सोने की कोषिष करे ताके बिज्ली (करेंट) की एहेतियात हो (6) एक दूसरे को लगकर ना सोवे (7) सोने से पहेले दायें और बायें आँख में तीन मरतबा सुरमा लगाना सुन्नत है (8) सोने से पहेले "सलातुत् तौबा" के दो रकात नफ़िल नमाज़ पडे (9) सोने से पहेले अप्ने पूरे दिन का जायिज़ा लेकर मैत को याद करे (10) सोने से पहेले अलहम्द षरिफ़, आयतुल कुरसि, सुरे मुलक, सुरे सजदा, चार कुल और दरूदे षरिफ़ और तीन बार इस्तेगफ़ार पडे । तस्बिहे फ़ातिमा (सुब-हा-नल्लाह 33 मरतबा, अल-हमदु लिल्लाह 33 मरतबा और अल्लाहु अक्बर 34 मरतबा पडे) (11) सोने से पहेले सोते वक़्त कि दुअ अल्लाहुम्म बिस-मि-क अमूतु व-अह-या पडे (12) सोने से पहेले तहज्जुद पड्नेकि नियत करके सोये (13) सोते वक़्त दाये करवट पे लेट्कर और अपनि गाल के निचे दाये हाथ रककर सुन्नत तरिके पर सोजाये (14) सोते वक़्त डर जाये या नींद ना आये तो ये दुअ पडे अऊज़ु बिकलिमा-तिल्लाहित्त-ताम्माति मिन गज़-बिही व-इकाबिही व-षर्रि इबादिही व-मिन हमज़ातिष-षयातीनि व-अय-यह-ज़ुरून (15) अगर डरावना खाब नज़र आये तो तीन बार अऊज़ु बिल्लाहि मिनष-षैतानि व-षर्रि हाज़िहिर रुअइप्या पड कर बाये तरफ़ तुथकार कर करवट बदल कर सोजाये (16) रात के वक़्त मसजिद मे कुछ हाजत पेष आये तो किसि एक साथि को उटाले, अकेले ज़रुरियात के लिये ना जाये (17) सोकर उटते वक़्त ये दुअ पडे अल-हमदु लिल्लाहिल-लज़ी अह-याना बाद-

मा अमात–ना व–इलैहिन–नुषूर सोकर उट्ने के बाद अपने हाथों को ग ा तक धोले

{93} नफ़्स को क़ाबू में रखने के लिये अल्लाह के रास्ते में मुजाहदे

(1) दावत देने के लिये लोगों में चलना फिरना (2) अप्ने तक़ाजों को दबाकर साथियों के तक़ाज़ों को पूरा करना (3) दीन की मज्लिसों में जम्कर बैठ्ना (4) खिदमत में जो आये वो खालेना (5) इज्तिमाई आमाल में फ़ौरन जुड जाना

{94} दाई के सिफ़ात

(1) हुसने ईमान (2) हुसने इबादत (3) हुसने अख्लाक़ (4) हुसने मुआमला (5) हुसने मुआषरा (6) मरदुम षनासी (7) मोक़ा षनासी (8) मिज़ाज षनासी (9) दाई दावत के काम को मक़सद बनालेता है (10) दाई अप्ने जान व माल, वख्त को ज़ियादा दावत के काम के लिये लगाता है (11) दाई क़ुरबानियों में आगे बड्ता है (12) दीन के तक़ाज़ों को पूरा करने के लिये तयार रहेता है (13) फिर बाद में दुनिया के तक़ाजे पूरा करता है (14) दुनिया की खाहिषात वाली ज़िंदगी से बचता है (15) मौत के बाद की ज़िंदगी की तय्यारी करता है (16) अल्लाह के हुकुम को हुज़ूर ़सोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के हर तरीक़े और सुन्नतों पर अमल करता है (17) ज़ियादा से ज़ियादा नेक आमाल करने में लग जाता है (18) हर एक के हक़ को पूरा करता है (19) सिला रहेमी करता है (20) गीबत चुग्ली करने से और सुन्ने से भी बचता है (21) क़बर के अज़ाब का डर और

जहन्नम का खौफ़ दिल में रेहेता है (22) हर वक़्त अल्लाह को राजी करने की कोषिष करता है (23) गुनाहों से बुरी बातों से बुरे रासते से बुरे खयालात से बचता है ।

{95} दाई 24 घंटे वाली ज़िंदगी किस तरह गुज़ारे?

(1) रोज़ाना पांच वख्त की नमाज़ के लिये ....2-30-घंटे लगाये

(2) रोज़ाना मस्जिद वारी जमात में मेहेनत के लिये..2-30-घंटे लगाये

(3) रोज़ाना अप्ने करोबार के लिये ....8-00-घंटे लगाये

(4) रोज़ाना सोने के लिये ....6-00- घंटे लगाये

(5) रोज़ाना अपनी जरूरिय्यात के लिये ....2-00-घंटे लगाये

(6) रोज़ाना घर के काम के लिये ....1-00- घंटे लगाये

(7) रोज़ाना घर की तालीम के लिये ....0-30-मिनट लगाये

(8) रोज़ाना तस्बीहात के लिये ....0-30 –मिनट लगाये

(9) रोज़ाना कुरआन षरीफ़ की तिलावत के लिये ....0-30–मिनट लगाये

(10) रोज़ाना दीनी किताबे पढ्ने के लिये ....0-30-मिनट लगाये

Total 24-00 – घंटे

{96} दावत वाले काम के बेहेतरीन उसूल

दावत वाला अमल बहुत नाज़ुक उसूलों पर क़ायिम है ए बहुत आसान है उन लोगों के लिये जो अपनी इस्लाह चाहते है और बहुत दुष्वार है जो सिर्फ़ दूसरों की इस्लाह चाहते हैं

(1) कभी अहेले षूरा में किसी से खफ़ा ना होना चाहिये । तबीअत के खिलाफ़ ही मषोरा क्यूं ना हो (2) हमारे लिये जहाँ भी जाने का फ़ैस्ला होजाये और अमीर हुकुम करदे उस पर इन्कार ना करना (3) घर वालों से कभी खफ़ा ना होना सबर व तहम्मुल से काम लेना (4) अपनी मेहेनत को कम समझ्ना और ए खयाल तक ना आये के मै ने भी कुछ जान व माल लगायि है (5) उलमा से मुहब्बत करना और उन्के साम्ने आजिज़ी से पेष आना और उन्की खिदमत में दुआ के लिये हाज़िर होना (6) कभी तब्लीग का इल्म या ज़िकर से मुक़ाबला ना करना (7) किसी को भी हखीर ना समझ्ना (8) मुसलमानों के किसी तबक़े और किसी मस्लक के किसी फ़र्द को दावत देने से गुरेज़ ना करना (9) अप्ने काम करने वालों से हमेषा जुडे रेहेना (10) एक जगा के काम करने वाले दूसरी जगे के काम करने वालों पर एतेराज़ ना करे (11) पुराने साथियों को साथ लेकर मषोरा करके काम करे (12) बेहेतरीन षख्ष वो है जो अप्ने हर एक को हिक्मते अमली और अच्छे अख्लाक़ के साथ जोडे रख्खे (13) काम के पुरानों में षैतान उसूलों के एतेबार से दुष्मनी पैदा करता है हालांके सब से बडा उसूल आपस में जोड है (14) और हर एक

को नफ़ा पहुंचाये चाहे मुवाफ़िक़ हो या मुखालिफ़ अमीर हो या गरीब (15) हम सब कच्चे हैं पोख्ता वो है जो मौत तक इस काम में लगे रहे खाह उन की क़दर करे या ना करे उनसे अच्छा गुमान रख्खे या ना रख्खे खाह-काम के ज़िम्मेदार बुज़रुग भी उस्से बद गुमान होजाये मगर वो किसी से भी बद गुमान ना हो खाह वो सब उस्को छोड़दें लेकिन वो किसी को ना छोडे

{97} तालिबे इल्म किस तरह रहे?

(1) हर हाल में सुन्नतों का पाबंद रहे (2) अपनी स्कूल या कालेज की लड़कीयों से मेल जोल ना रख्खे (3) अपनि स्कुल या कालेज के पास नमाज़ का वक़्त हुवा तो नमाज़ अदा करे और अगर होसके तो गष्त करके साथीयों को जोड कर दीन की बात चलाये (4) अपनि स्कुल या कालेज के साथीयों से दोस्ती करके दीन की फ़िकर दिलाये और तष्कील करके छुट्टीयों में अल्लाह के रास्ते में निकले (5) पडायि के वख्त पडायि करे बाक़ि अवक़ात में घर का और दीन का काम करे (6) बे दीनी मजालिस से बचे (7) अपनि सलाहियतों को दावत के काम में लगाये ।

{98} अल्लाह को बंदों के 3 चीज़ें पसंद हैं

(1) अल्लाह की राह में जान और माल को खर्च करना (2) गुनाहों पर नदामत के वख्त रोना (3) फ़ाक़ों पर सबर करना ।

{99} क़ियामत के दिन अल्लाह के अर्ष के साये में रहेने वाले 7 क़िसम के लोग

(1) आदिल बादुषा (2) वो जवान जो जवानी में

अल्लाह की इबादत करता हो (3) वो षख्स जिस्का दिल हर वख्त मस्जीद में लगा रहेता हो (4) जो अलाह तआला के लिये मुहब्बत रख्ते हों इन्के मिल्ने और जुदा होने की बुनियाद यही हो (5) वो षख्स जिस्को कोई ऊन्चे खान्दान वाली हसीन औरत अप्नि तरफ़ मु-त-वज्जे करे और वो कहेदे के मै तो अल्लाह तआला से डरता हुं (6) वो षख्स जो इस तरह छुपाकर सदक़ा करे के बायें हाथ को क़बर ना हो के दाहिने हाथ ने क्या खर्च किया है (7) वो षख्स जो अल्लाह का ज़िकर तनहायि में करे और आन्सू बेहेने लगे

{100} अल्लाह तअला को 5 क़िसम के आदमीयों से नफ़रत है

(1) मालदार होकर दुसरों पर ज़ुल्म करने वाला (2) भिक मांग्ता हुवा फ़खर करने वाला (3) जियादा खाकर बदहज़्मी से तडपने वाला (4) वो बूढा आदमी जो बुढापे में ज़िना करने वाला (5) ऐहेसान करके जतलाने वाला ।

{101} अल्लाह तआला क़ियामत के दिन 3 षख्सों को रहेमत की निगाह से ना देखेंगे

(1) झुटी खस्में खाकर सौदा करने वाला (2) एहेसान करके एहेसान जतलाने वाला (3) टख्नों के नीचे तक कपडा लट्काने वाला

{102} अल्लाह तआला 3 षख्सों पर लानत बेजते हैं

(1) उस षख्स पर जिस्से नमाज़ी मुक़्तदी षरई एतेबार से किसी माक़ुल की वज़े से नाराज़ हो और वो इमामत करे (2) उस औरत पर जिस्का खाविंद उस्से

नाराज़ हो (3) उस षख्स पर जो अज़ान की आवाज़ सुने और जमाअत में षरीक ना हो ।

{103} <u>जिस षख्स में 3 बातें हों अल्लाह तआला उस्का हिसाब आसान करके अप्नी रहेमत से जन्नत में दाखिल करेंगे</u>

(1) जो तुझे अप्ने एहेसान से मेहेरुम रख्खे तु उस पर एहेसान करे (2) जो षख्स तुझ से खता रहेमी करे तु सिला रहेमि करे (3) जो तुम पर जुल्म करे तु उस्को माफ करदे ।

{104} <u>ईमान के दरजे</u>

(1) अगर किसी नाजायिज़ काम को होते हुवे देखे तो हाथ से रोकना (2) अगर ना होसके तो ज़बान से रोकना (3) अगर ये भि ना होसके तो दिल से उस्को बुरा समझना और ए ईमान का आखिरी दर्जा है ।

{105} <u>ईमान की हलावत 3 चीज़ों से है</u>

(1) अल्लाह और उस्के रसूल सल्लेल्लाहु अलेहि वसल्लम की मुहब्बत इन मासिवा (इलावा) सब से जियादा हो (2) जिस किसी से मुहब्बत करे अल्लाह ही के वास्ते करे (3) कुफ़र की तरफ़ लोट्ना उस्को ऐसा ही गिराँ और मुष्किल हो जैसा के आग में गिरना ।

{106} <u>हुज़ूर स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की नसीहतें</u>

हज़रत अनस बिन मालिक रजि॥ फ़रमाते हैं के मै 8 साल की उमर से रसूल स़ोलल्लाहु अलैहि वसल्लम की खिदमत में रहा सब से पहेले आपने ए नसीहत की (1) अनस ठिक से वज़ू किया करो उमर में बरकत होगि और

मुहाफिज़ फ़रिष्ते तुम से मुहब्बत करने लगेंगे (2) गुसुले जनाबत में जल्दी किया करो और बदन पर बाल के बराबर जगे बी सुखी ना रहेने दो (3) चाष्त की नमाज़ ज़रूर पडा करो ए तौबा करने वालों की नमाज़ है (4) रात दिन खूब नमाज़ पडा करो फ़रिष्ते तुमारे लिये दुआ करेंगे (5) नमाज़ के अरकान ठिक से अदा किया करो ऐसि नमाज़ अल्लाह को पसंद है और उस्को खुबुल फरमाता है (6) हर वख्त वज़ु मे रहेने की आदत डालो इस्से मौत के वख्त कलिमए षहादत याद आना नहीं बुलेंगे (7) घर में दाखिल होते वख्त घर वालों को सलाम करो (चाहे घर में कोई रहे या ना रहे) इस्से घर में बरकत होगी (8) रासते में जो मुसल्मान भि मिले उसे सलाम करो इस से ईमान की हलावत नसीब होगी और उस रासते के गुनाह माफ़ कर दिये जायेंगे (9) एक लमहे के लिये भी किसी मुसल्मान से कीना या हसद ना रख्खो (10) जिस्ने मेरा तरिक़ा अपनाया उसने मुझ से मुहब्बत की जिसने मुझ से मुहब्बत की वो मेरे साथ जन्नत में होगा अनस रजि॥ तुम मेरे नसीहतों पर अमल करो तो मौत तुम्को महेबुब बन जायेगी तुमारे लिये अगर मौत में राहत पोषिदा होगि ।

{107} हुज़ूर स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का इरषाद :– रोज़ना आस्मान से 5 फ़रिष्ते एलान करते हैं

हज़रत फ़कीह रहे॥ फ़रमाते हैं मेरे वालीद मुझ से रसूल स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का इरषाद बयान किया है के रोज़ाना आस्मान से 5 फ़रिष्ते नाज़िल होकर एलान करते हैं

(1) पहेला फ़रिष्ता एलान करता है :- जो अल्लाह के फ़राइज़ को तरक करेगा वो अल्लाह की रहेमत से निकल जायेगा

(2) दुसरा फ़रिष्ता एलान करता है :- जो रसूल स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सुन्नतों को छोडेगा वो उन्कि. षफाअत से मेहेरुम रहेगा

(3) तिस्रा फ़रिष्ता एलान करता है :- जो हराम रोज़ी कमायेगा ऊस्के तमाम आमाल ठुकरा दिये जायेंगे

(4) चौथा फ़रिष्ता मुरदों की तरफ़ रुख होकर फ़रमाता है :- अय कबर वालो तुम्को किस बात का गम है और तुम्को किस बात की षरमिन्दगी है मुरदे कहेते हैं हमे षरमिन्दगी इस बात पर है के हमने अप्नी उमरों को बेकार किया और आखिरत की तय्यारी ना कि और गम इस पर है जो अभी जिंदा हैं उन्को इबादत,क़ुरआन की तिलावत, ज़िकर, दरुद और आमाल का मोका है जो आमाल से आज हम मेहेरुम होगाये

(5) पांच्वा फ़रिष्ता एलान करता है :- अय लोगों हम्ने तुम को षोख दिलाया है लेकिन तुम जन्नत के मुष्तक़ ना बने हम्ने तुम को डराया लेकिन तुम जहन्नम से और अल्लाह के गुस्से से ना डरे जो अल्लाह के गुस्से से डरे उसे अप्ने गुनाह से तौबा करना चाहिये अगर दुनिया में अल्लाह के गुस्से से डरने वाले, छोटे मासूम बच्चे, चरने वाले जान्वर, इबादत गुज़ार बुढे ना होते तो तुम पर अज़ाब नाज़िल होजाता

{108} हज़रत ऊमर रजि॥ की 6 नसीहतें

(1) जो आदमी जियादा हसता है उस्का रोअब कम हों जाता है (2) जो मज़ाक़ जियादा करता है लोग उस्को हलका और बे हैसीयत समझ्ते हैं (3) जो बातें जियादा करता है उस्की लगज़िषें जियादा होजाती हैं (4) जिस्की लगजिषें जियादा होजाती हैं उस्की हया कम होजाती है (5) जिस्की हया कम हो जाति है उस्की परेहेज़ गारी कम होजाती है (6) जिस्की परेहेज़ गारी कम होजाती है उस्का दिल मुरदा होजाता है ।

{109} 3 चीज़ें 3 चीज़ों पर गालिब होजाती है

(1) रस्मों पर सुन्नतें गालिब होजाती हैं (2) अस्बाब पर आमाल गालिब होजाते हैं (3) दुनिया पर आखिरत गालिब होजाती हैं

{110} जिस षख्स को 4 चीज़ें मिल जायें उस्को दीन व दुनिया की भलायि मिलजाती है

(1) वो ज़बान जो षुकर करने वाली हो (2) वो दिल जो ज़िकर में मषगूल रहेता हो (3) वो बदन जो मषक़्क़त बरदाष्त करने वाला हो (4) वो बीवी जो नफ्स में और खाविंद के माल में खियानत ना करे ।

{111} दुनिया से उस वख्त तक मेहेफ़ूज़ नहि रहे सकते जब तक तुम में 4 चीज़ें ना हों

(1) लोगों के जहालत से दर गुज़र करते रहो (2) खुद उस्के साथ कोई जहालत कि हर्कत ना हो (3) तुमारे पास जो चीज़ हो लोगों पर खर्च करदो (4) लोगों के पास जो चीज़ हो उस्की उम्मिद ना रख्खो ।

{112} क़ियामत के दिन 3 अदालतें

(1) काफ़िरों के लिये कोई बखषिष नहिं (2) हुक़ुक़ुल इबाद (बंदों के हुक़ूक़) कि इस में हक़ वाले का हक़ ज़रूर दिलाया जायेगा चाहे इस्से लिया जाये जिस्के ज़िम्मे है या उस्को माफ़ फ़रमाने की मर्ज़ी हो तो अप्ने पास से दिया जायेगा (3) अल्लाह तआला के अप्ने हुक़ूक़ की है इस्मे बखषिष के दरवाज़े खोल दिये जायेंगे

{113} बद बखति की 4 अलामतें

हज़रत अनस रजि॥ हुज़ूर स़ोल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का इरषाद नक़ल करते हैं के 4 चीज़ें बद बख्ती की अलामते हैं (1) आँखों का खुष्क होना (के अल्लाह के खौफ़ से किसी वक्त बी आँसू ना टपके) (2) दिल का सख्त होना (के अप्नी आखिरत के लिये या किसी दुसरे के लिये किसी वक्त भी नरम ना पढे) (3) आरज़ुवों का लंबा होना (4) दुनिया की हिर्स ।

{114} 4 चीज़ें आदमी के दिल को बरबाद कर देति हैं

हदीसे पाक का मफ़हुम है के 4 चीज़ें आदमी के दिल को बरबाद कर्देति है (1) अहमक़ों से मुक़बिला (2) गुनाहों की कसरत (3) औरतों के साथ कसरते इख्तेलात (यानी मेल मिलाप) (4) मुर्दा लोगों के पास कसरत से बैठ्ना (मुर्दा लोगों से मुराद वो मालदार जिस्के अन्दर माल की अकड हो ।

{115} सहबाह रजि॥ का 4 चीज़ों से बहुत एहतियात और 5 चीज़ों पर मषगूली

बाज़ उलमा ने कहा है के सहाबा किराम रजि॥ 4 चीज़ों से बहुत एहेतियात करते थे (1) इमामत करने से (उस वख्त में जो बेहेतरीन इमामत करने वाला होता उसी को आगे बढाते थे) (2) वसी बन्ने से (यानी किसी कि वसीय्यत में माल वगैरा तक़सीम करने से) (3) अमानत रखने से (4) फ़तवा देने से

और इन्का खुसूसी मषगला 5 चीज़ें थीं (1) क़ुरआन की तिलावत (2) मसाजिद का आबाद करना (3) अल्लाह तआला का ज़िकर (4) अच्छी बातों की नसीहत (5) बुरी बातों से रोकना

{116} हिक्मत को पाने के लिये 4 चीज़ें

(1) अल्लह का खौफ़ (2) बात में सच्चायि (3) अमानत को पूरा पुरा अदा करना (4) बे फ़ायिदा बात से सुकूत (खामुषी)

{117} सोने की एक तख्ती थी जिस में 7 सतरें लिख्खी हुयि थीं

हफ़िज़ इब्नें हज़र रहे॥ ने मुनब्बिहात में लिख्खा है के हज़रत उस्मान रजि॥ से क़ुरआने पाक का इरषाद "व-क़ा-न तह-तहू कन-ज़ुल लहूमा" मे मनक़ुल है कें वो सोने की एक तख्ती थी जीस्में 7 सतरे लिख्खी हुयि थीं जिस्का तरजुमा ए है के (1) मुझे तअज्जुब है उस षख्स पर जो मौत को जानता हो फिर भी हसे (2)

मुझे तअज्जुब है उस षख्स पर जो ये जानता है के दुनिया आखिर एक दिन खतम होने वाली है फिर भी उस में रगबत (षोक़) करे (3) मुझे तअज्जुब है उस षख्स पर जो ए जानता हो के हर चीज़ मुक़द्दर से है फिर भी किसी चीज़ के जाते रहेने पर अफ़सोस करे (4) मुझे तअज्जुब है उस षख्स पर जिस्को आखिरत में हिसाब का यक़ीन हो फिर भी माल जमा करे (5) मुझे तअज्जुब है उस षख्स पर जिस्को जहन्नम की आग का इल्म हो फिर भी गुनह करे (6) मुझे तअज्जुब है उस षख्स पर जो अल्लाह को जानता हो फिर किसि और चीज़ का ज़िकर करे (7) मुझे तअज्जुब है उस षख्स पर जिस्को जन्नत की खबर हो फिर दुनिया में किसी चीज़ से राहत पाये।

बाज़ नुसखों में ए भी है के मुझे तअज्जुब है उस षख्स पर जो षैतान को दुष्मन सम्झे फिर भी उस्की इताअत करे।

{118} षेख अब्दुल क़ादिर जिलानी महेबुबे सुबहानी रहे॥ का फ़रमान

षेख अब्दुल क़ादिर जिलनी महेबुबे सुबहानी रहे॥ का फ़रमान है के जब तक अप्ने नफ्स पर इन बातों को फ़रज़ ना करे उस्कि परहेज़ गारी मुकम्मल नहीं हुवी (1) ज़बान को गीबत से पाक रख्खे (2) बद गुमानी से परहेज़ करे (3) हसी मज़ाक़ से परहेज़ करे (4) हराम देख्ने से आँखों को बंद करे (5) ज़बान से सच्ची बात करे (6) अल्लाह का एहेसान माने अप्ने नफ्स को अच्छा ना सम्झे इस पर भरोसा ना करे (7) अप्ने माल को उस्के हक़दार पर खर्च

करे (8) बुलंद मर्तबा और बुज़रुगी की ख्वाहिष अप्ने लिये ना करे (9) आम मुसल्मानों से मिल जुल कर रहे

{119} हज़रत सुफ्यान सूरी रहे॥ का फ़रमान 10 आदमी ज़ालिम कहेलायेंगे

(1) वो आदमी जो रोज़ाना क़ुरआन षरीफ़ कि 100 आयतें तिलावत ना करे (2) वो षख्स जो अप्ने लिये दुआ करे वालिदैन और दुसरे मुसल्मानों को भूल जाये (3) वो षख्स जो खबरस्तान से गुज़रे और मुरदों को सलाम ना करे और उन्के लिये दुआये मगफ़िरत ना करे (4) वो नौजवान जो दीन के आदाब दीन का इल्म हसिल ना करे (5) वो षख्स जो मस्जीद में जाये और कम अज़ कम 2 रकात नमाज़ पढे बगैर निकल जाये (6) वो षख्स जो जुमा के रोज़ षेहेर में आये और जुमा की नमाज़ पढे बगैर चले जाये (7) वो दो षख्स जो आपस में अल्लाह के लिये मुहब्बत रख्तेहों लेकिन एक दुसरे का नाम मालुम ना करे (8) वो षख्स जिन्के मोहल्ले में कोई आलिम आये और मोहल्ले का कोई षख्स भी उस आलिम के पास दीन की बात हसिल करने के लिये ना जाये (9) वो षख्स जिस्को खाने के लिये बुलाये और वो ना जाये (क़ुबुल करे उस दावत को ब–षर्त एके वो दावत हलाल हो) (10) वो षख्स जो पेट भर खाये लेकिन उस्का पडोसी भूका रहे

अल्लाह तआला हम सब की हिफाज़त करे दीन पर सही चल्ने की तौफ़ीक़ दे (आमीन)

{120} हज़रत षेक षाह मक्की रहे॥ का फ़रमान : इनसान को 5 तरह से लूट लेते हैं

(1) इनसान के ईमान को षैतान लूट लेता है (2) इनसान की जान को इज़राईल अलैहिस्सलाम लूट लेते हैं (3) इनसान की जाइदाद को उस्के वरिस लूट लेते है (4) इनसान के जिसम को चम्डे और गोष्त को क़बर की मट्टी कीडे लूट लेते है (5) इनसान की नेकियों को क़ियामत के दिन हक़ वले आकर लूट्ट लेते हैं

{121} 5 चीज़ों को गनीमत सम्झो 5 चीज़ें आने से पहेले

(1) जिंदगी को गनीमत सम्झो – मौत आने से पहेले (2) सेहेत को गनीमत सम्झो – बीमारी आने से पहेले (3) जवानी को गनीमत सम्झो – बुढापा आने से पहेले (4) माल को गनीमत सम्झो फ़क़ीरी आने से पहेले (5) फ़ुरसत को गनीमत सम्झो मषगूल होने से पहेले

{122} हज़रत हसन रजि॥ की नसीहतें

(1) जिस काम का दुसरों को हुकुम करो पहेले खुद उस पर अमल करो (2) जिस बात से दुसरों को मना क़रो पहेले खुद उस्से रुक जावो (3) तुमारा क़दम तुमरे लिये नाफे है (के जन्नत की तरफ़ पड्ता है) या मुज़िर (के जहन्नम की तरफ़ चल्ता है)

{123} अंधेरे 5 और उस्के चिराग 5

हाफ़िज़ इबने हज़र रहे॥ ने मुनब्बिहात में हज़रत अबु बकर सिद्दिक़ रजि॥ से नक़ल किया है के अंधेरे 5

तरह के हैं और 5 ही उन्के लिये चिराग हैं (1) दुनिया की मुहब्बत अंधेरा है जिस्का चिराग तक़वा है (2) गुनाह अंधेरा है जिस्का चिराग तौबा है (3) क़बर अंधेरा है जिस्का चिराग ला-इला-ह इल्लल्लाहु मुहंम्मदुर रसूलुल्लाह स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम है (4) आखिरत अंधेरा है जिस्का चिराग नेक आमाल है (5) पुल सिरात अंधेरा है जिस्का चिराग यक़ीन है

{124} रोना 7 वजे से आता है

(1) खुषी से (2) जुनून से (3) दर्द से (4) घबराहट से (5) दिखलावे से (6) नषे से (7) अल्लाह के खौफ़ से

{125} हज़रत मौलाना इल्यास साब रहे॥ का फ़रमान

हज़रत मौलाना इल्यास साब रहे॥ का फ़रमान है के अगर एक साथी में भि दुनिया की मुहब्बत आगयि तो पूरे काम का बेडा गरक़ हो-सकता है तब्लीग जमाअत में निकल्ने का मक़सद सिर्फ़ दुसरे को पहुंचाना और बताना ही नहीं है बलके इस्के ज़रिये अप्नी इस्लाह व तरबीयत मक़सूद है ।

{126} हज़रत मौलाना युसुफ़ साब रहे॥ का फ़रमान :- अल्लाह तआला 5 चिज़ों को 5 जगे छुपा कर रख्खा है

(1) हीरों (DIAMONDS) को पथ्थरों में छुपा कर रख्खा है (2) वलियों को इन्सानों में छुपा कर रख्खा है (3) नेकियों को सवाब में छुपा कर रख्खा है (4) इस्मे आज़म को कुरआन में छुपा कर रख्खा है (5) हिदायत को अल्लाह के रास्ते में छुपा कर रख्खा है

{127} हज़रत मौलाना साद साहब कांधल्वी का फ़रमान

ईमान की हक़ीक़त आयेगी ज़ाहिर के खिलाफ़ बोलने से ज़ाहिर के खिलाफ़ सोच्ने से ज़ाहिर के खिलाफ़ सुन्ने से और ज़ाहिर के खिलाफ़ चल्ने से जब तक मेरे दोसतो उम्मत के अंदर ए बातें आम ना होगीं उस वक़्त तक ईमान की हक़ीक़त के मिलने कि इबतेदा भी ना होगी

{128} हज़रत मौलाना ऊमर पालन पूरी रहे॥ का फ़रमान 4 षख्स आखिरत में हिलाक होजायेंगे

(1) जो कमज़ोर बुढा कमज़ोरों को नसीहत करता है के खूब पैसे कमावो (2) जब दीन व दुनिया का तक़ज़ा आये तो दुनिया को तरजीह देने वाला (3) दुनिया की गर्ज़ से दीन की मेहेनत करने वाला (4) दुनिया का हामिल (दुनिया की खातीर तरह तरह की मुसीबतें बरदाष्त करने वाला)

{129} हज़रत मौलाना इनआमुल हसन साब रहे॥ का फ़रमान

जो लोग इस दावत वाले काम के ज़िम्मेदार सम्झे जाते हैं उन्को दुनिया की ठोकरों में नहीं उलजना है बलके झेलना और आगे बढना है क़ुरबानी की मिक़दार को बढाते रहेना है और अप्ने को और अप्ने किये हुवे काम को मुखतसर समझ कर खुदा की बारगाह में माफ़ी मंगते रहे

{130} हज़रत मौलाना सईद अह्मद खान साब रहे॥ का फ़रमान इस्तेक़ामत के 17 असबाब

(1) जो इस काम को दिल के यक़ीन के साथ

करेगा वो जमेगा (2) जो रोज़ाना दावत देगा इस्के जज़बात बन्ते रहेंगे जो दावत नहीं देगा उस्के जज़बात टूटते रहेंगे (3) जो महोल में रहेगा वो जमेगा जो माहोल से हटेगा वो कट जायेगा (4) जो इस काम में रोक डालेगा वो कटेगा (5) अमीर की इताअत और मषुरे का पाबंद रहेने वाला जमेगा (6) जो किसी के ऐब देखेगा वो कटेगा जो अच्छाइयाँ देखेगा वो जमेगा (7) जो तवाज़ु इख्तियार करेगा वो जमेगा तकब्बुर के साथ चल्ने वाला नहीं जम सकेगा (8) बाज़ गुनाह ऐसे होते हैं जिन्कि वजे से काम से मेहेरुम होजाता है (गीबत, अगराज़, तनक़ीद, बद नज़री षोहरत) (9) जो नदामत तौबा इस्तेगफ़ार के साथ चलेगा वो ज़मेगा (10) जो दुसरों की गल्ती अप्ने ऊपर लेगा वो जमेगा जो दुसरों पर डालेगा वो नहीं जमेगा (11) हुज़ूर स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के साथ मुनाफ़िक़ चल्ते थे नफ़ा नहीं उटासके हत्ता के ईमान भी नसीब नहीं हुवा (12) जो दुसरों की गलत बात की तावील करेंगे अच्छे मानी मतलब की तरफ़ लेजायेगा वो जमेगा जो हर बात का उल्टा मतलब लेगा वो नहीं जमेगा (13) जो आदमी अल्लाह पाक से डरते और मांगते हुवे चलेगा वो जमेगा जमने के लिये मांगना पढेगा वर्ना हट जायेगा हुज़ूर स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम भी इस्तेक़ामत की दुआ मंगते थे हज़रत इबराहीम अलैहि वस्सलाम ने भी दुआ मांगी के अय अल्लाह मुझे बुत परस्ती से बचा हलाँके उन्से बुत परस्ती का इम्कान भी ना था इन्हों ने मांगा तो हम क्या

चीज़ हैं (14) जो इख्लास से क़ुरबानी देगा अल्लाह उसे हर हालत मे जमायेगा ऐसे मोक़ों पर जब लोगों के क़दम दीन से उखड रहे होंगे अल्लाह तआला आला दरज़े की रज़ा नसीब फ़र्मायेगा (15) जो ए कहेगा मेरी वजे से काम होरहा है वो मेहेरूम होजायेगा जिस्के मुतअल्लिक़ लोग ए सम्झेंगे उस्की वजे से काम होरहा है अल्लाह उसे उठालेंगे (यानि दूनिया से लेलेंगे) (16) हज़रत जी रहे॥ फ़रमाया करते थे जो नक़ल पर अक्डेगा वो असल पर कैसे जमेगा हम तो नक़ल करने वाले हैं (17) जो पूरी उम्मत के गम को लेके चलेगा उस्के क़लब की कैफ़ियत को अल्लाह पुरे आलम पर डालेंगे

{131} हज़रत अहेमद लाट साब का फ़रमान : नेहेज़े नबुव्वत का काम करने के लिये 5 सिफात

(1) तवक्कुल (2) सादगी (3) क़ुरबानी (4) उमूमिय्यत (5) जितना भी काम करे आगे के काम को देखे

{132} हज़रत मौलाना फ़ारूक़ साब का फ़रमान 5 बातें जिस्से दिल जुड जाते हैं

(1) सलम करने से (2) इकराम करने से (3) हदिया देने से (4) नाम लेकर दुआ करने से (5) पीठ पिछे तारिफ़ करने से ।

{133} हज़रत अब्दुल वह्हाब साब का फ़रमान: 5 बातें जिन से कभी भी तोड पैदा नहीं होगा

(1) साथियों की इस्लाह मे मत पडो (2) साथियों को उसूलों पर लानेकी फ़िकर मे मत पडो (3) साथियों

की खिदमत करो (4) साथियों का इकराम करो (5) सब से अहेम बात ये है के खुद उसूलों पर जमे रहो।

{134} हीरा और उस्का चोर

(1) ईमान एक हिरा है – उस्का चोर झूट है (2) नमाज़ एक हीरा है –उस्का चोर सुस्ती है (3) इल्म एक हिरा है – उस्का चोर तकब्बुर है (4) ज़िकर एक हीरा है – उस्का चोर गफ़लत है (5) इकराम एक हीरा है – उस्का चोर गीबत है (6) इख्लास एक हीरा है – उस्का चोर रिया कारी है (7) दीन की मेहेनत एक हिरा है – उस्का चोर बे फ़िकरी है (बे फ़िकरी उम्मत की मौत है)

{135} चंद चीज़ें चंद चीज़ों को बर बाद कर देती हैं

(1) गीबत:–नेकी को बरबाद करदेती है (2)तकब्बुर:–आमाल को बरबाद करदेती है (3) आवारगी :– आखलाक़ को बर बाद करदेती है (4) झुट :– सच्चाई को बर बाद करदेती है (5) बे हयायि :– हया को बर बाद करदेती है (6) आपस में तोड :– जोड को बर बाद करदेती है (7) दुनिया की मुहब्बत :– आखिरत को बर बाद करदेती है

{136} खास करके बेदीनी की तरफ़ माइल करने वाली 2 चीज़ें

(1) माल :– माल कमाने को मक़सद बना लेने वाला इन्सान बेदीनी की तरफ़ माइल होता है

(2) औरत :– औरतो की ख्वाहिष के वजेसे से इन्सान बेदीनी की तरफ़ माइल होता है

{137} अस्बाब एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से सब कुछ होता है

(1) जमीन एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से रोजी मिलती है

(2) सूरज एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से रोष्नि मिलती है

(3) आस्माऩ एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से साया मिलता है

(4) बादल एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से बारीष मिलती है

(5) माँ का पेट एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से इन्सान पैदा होता है

(6) दवा (Tablet) एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से षिफा मिलती है

(7) विटामिन एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से क़ुव्वत मिलती है

(8) आँख एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से बिनायि (देखने की ताक़त) मिलती है

(9) कान एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से आवाज़ पहुंचति है

(10) नाक एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से खुषबू पहुंच्ती है

(11) दमाग एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से ज़ेहेन बन्ता है

(12) कारोबार नौकरी एक ज़रिया है – अल्लाह के

हुकुम से माल मिलता है

(13) जिसम में रूह एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से जिसम काम करता है

(14) मौत एक ज़रिया है – अल्लाह के हुकुम से ज़िंदगी खतम होती है

अल्लह तआला इन अस्बाब के बगैर भी सब कुछ कर सक़्ता है अल्लह तआला हम सब को इन बातों पर सच्चा यक़ीन नसीब फ़रमाये

{138} हलाल जान्वरों में 7 चीज़ें हराम हैं

(1) बेहेता हुवा खून (2) मुज़क्कर की पीषाब गाह (3) खस्यतैन (4) मुअन्नस की पिषाब गाह (5) गदूद (जिसम के अंदर की घाट को कहेते हैं (6) मसाना (वो थैली जिस्में पिषाब रहेता है और पेट में होती है) (7) पित्ता

{139} माँ बाप का दरजा

माँ बाप की रज़ामन्दी में अल्लाह की रज़ामन्दी है माँ बाप के सामने ऊंची आवाज़ से बातं ना करे यहँ तक के उफ़ भी ना कहे अगर माँ बाप काफ़िर होतो भी उन्के साथ अच्छा सुलूक करे माँ बाप अल्लाह के हुकुम के खिलाफ़ कोई बात कहे तो ना मान्ना

हदीसे पाक के मफ़्हूम में है के एक मरतबा माँ बाप को मुहब्बत भरी निगाह से देखोगे तो एक नफ़िल हज और उमरे का सवाब मिलेगा इसी तरह जितनि मरतबा देखेगा उतने नफ़िल हज और उमरे का सवाब मिल्ता है और एक हदीसे पक के मफ़्हूम में है के माँ बाप के लिये खर्च करनं अल्लाह के रास्ते में खर्च करने

से भी जियादा सवाब मिल्ता है। यानि अल्लाह के रास्ते मे खर्च करके इमान और आमाल को बनाना भि ज़रुरि है

{140} निकाह करने का तरिक़ा

(1) निकाह इस लिये किया जाये के हुज़ूर सोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सुन्नत है इस पर सवाब मिल्ता है (2) निकाह के लिये नेक और सालेह फ़र्द को तलाष करना और मंग्नी या पैगाम भेजना मसनून है (3) जुमा के दिन मस्जीद में और षव्वाल के महीने में निकाह करना पसंदिदा और मसनून है (4) निकाह को मषहुर करना और निकाह के बाद छुवारे या खजूर लुटाना या तख्सीम करना सुन्नत है (5) निकाह में जितना खर्च कम होगा उतना ही उन्की जिनदगि में बरकत होगी यानी निकाह में साद्गी हो (6) षादी की पहेली रात जब बीवी से तनहायि होतो बीवी की पेषानी के उपर के बाल पकड कर ये दुआ पढे : अल्लाहुम्म इन्नी अस–अलु–क खै-र–हा व–खै–र मा–ज–बल–त–हा अलैहि व–अऊज़ु बि–क मिन–षर्रिहा व–षर्रि मा ज–बल–तहा अलैह

اَللّٰھُمَّ اِنِّی اَسْئَلُکَ خَیْرَھَا وَخَیْرَ مَا جَبَلْتَھَا عَلَیْہِ وَاَعُوْذُ

بِکَ مِنْ شَرِّھَا وَشَرِّ مَا جَبَلْتَھَا عَلَیْہِ

तरजुमा :– अय अल्लाह मै तुझ से इस्की भलायि और इस्की आदात व अख्लाक़ की भलायि का सवाल करता हुं और इस्के षर से और इस्के अख्लाक़ व आदात के षर से तेरी पनाह चाहता हुं (मिष्कात अन अबी दावूद व इब्ने माजा) (7) जब बीवी से सोहबत का इरादा करे तो ए दुआ

पढे : बिस्मिल्लाहि अल्लाहुम्म जन्निब–नषैता–न व जन्नि–बिष–षै–ता–न मा–रज़क़–तना

بِسۡمِ اللّٰهِ اَللّٰهُمَّ جَنِّبۡنَا الشَّيۡطَانَ وَجَنِّبِ الشَّيۡطَانَ مَارَزَقۡتَنَا

तरजुमा :– मै अल्लाह का नाम लेकर ये काम करता हुं अय अल्लाह हमे षैतान से बचा और जो औलाद तू हमको दे उस्से (भी) षैतान को दूर रख (बुखारी व मुस्लीम) (8) जब बिवी से सोहबत करने में मनी निकले तो दिल मे ये दुआ पढे : अल्लाहुम्म ला–तज–अल लिष्षैतानि फ़ीमा रज़क़–तनी नसीबा

اَللّٰهُمَّ لَاتَجۡعَلۡ لِلشَّيۡطٰنِ فِيۡمَارَزَقۡتَنِىۡ نَصِيۡبًا

तरजुमा :– अय अल्लाह जो औलाद तू हमको दे उस्मे षैतान का हिस्सा न–रख (9) निकाह के वक़्त दुलह दुलहन से मिलने के वक़्त दुआवों का एहेतेमाम करने से औलाद नेक और सालेह पैदा होगी (औलद को दीनदार और दावत के काम मे लगाये वरना माँ बाप औलाद की खिदमत से मेहेरुम होंगे)

{141} मोबैल (Mobile) फ़ोन के मसाइल

(1) मोबैल के रिंग टौन (Ring tone) मे क़ुरआने पाक की आयत या अज़ान की आवाज़ को इस्तेमाल करना इन कलिमात की तौहीन है (2) मोबैल के रिंग टौन मे म्यूज़िक (Music) और गाना लगना हरगीज़ जाइज़ नहीं सख्त गुनाह है (3) मोबैल मे गेमस (Games) खेल्ना ए लायनी काम है (4) मोबैल स्क्रीन (Screen) पर दीनी अल्फ़ाज़ (मसलन अल्लाह

और हुज़ूर स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नाम वगैरा) को रख लेकर पेषब या पाखाना को जानेसे बेआदबी होती है (5) मोबैल के ज़रिये तस्वीर खींचना (उतारना) और मेहेफ़ूज़ करना उलमा के नज़्दीक ना जाइज़ है (6) नमाज़ षुरु करने से पहेले मोबैल को बंद (Switch off) करदेना ज़रूरी है नमाज़ से पहेले मोबैल बंद करना भुल गया और नमाज़ में रिंग टोन कि अवाज़ आये तो नमाज़ तोडकर बंदकरे यानी अमले कसीर की वजे से नमाज़ टूट जायेगी इस लिये नमाज़ को षुरु से अदा करे (जदीद फत्वा दारुल उलूम-देव बंद)

{142} हुज़ूर स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की चंद सुन्नतें

(1) हुज़ूर स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को सफ़ेद रंग का कपडा पसंद था (2) क़मीस कुरता या सदरी वगैरा पेहेने तो पहेले दायाँ हाथ आस्तीन मे डाले फिर बायाँ हथ डाले (3) पैजामा षल्वार या लुंगी टखनों से ऊपर रखना सुन्नत है (4) अमामा के निचे टोपि रख्ना सुन्नत है (5) हुज़ूर स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का अमामा तीन रंगों का था सफ़ेद, काला, हरा, (6) नबी करीम स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के सर मुबारक के बालों की लंबायि कानों के दरमियान तक और दुसरी रिवायत के मुताबिक कानों तक और एक रिवायत के मुताबिक कानों की लौ तक थी इस्के अलावा कंधों तक या कंधों के क़रीब तक होने की भी रिवायत है (7) सारे

सर के बाल मुंड्वा देना भी सुन्नत है (8) दाढी को बढाना और मूंछ कट्वाना सुन्नत है (9) ज़ेर नाफ़, बगल और नाक के बाल निकाल लेना अगर चालीस रोज़ गुज़र जायें और सफ़ायि ना करे तो गुनेहगार होगा (10) जब आप स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को छींक आयि तो हाथ या कपडा मूँह पर रख लेते और आवाज़ को पस्त (आहिस्ता) फ़रमाते (11) जब कोई बच्चे या बडे मिल्ते तो पहेले आप स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम सलाम करते (12) आप स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम बरतावु में सख्ती ना फ़रमाते नरमी क़ो पसंद फ़रमाते (13) आप जब चल्ते तो निगाह नीचे ज़मीन की तरफ़ रख्ते मज्मे के साथ चल्ते तो सब से पिछे होते (14) हुज़ूर स़ोल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम फ़ज़र की नमाज़ के बाद इषराक़ तक मुरब्बा (आल्ती पाल्ती) बैठ्ते थे ।

{143} षोहर पर बीवी के 5 हुक़ूक़

(1) परदे में रखना (2) दीन दार बनाना (3) हलाल रोजी का इंतेज़ाम करना (4) गलतीयों को दर गुज़र करना (5) अपनी तरफ़ से उस पर ज़ुलम नहीं करना ।

{144} औरतों की नमाज़ का तरिक़ा

मरदों ही की तरह औरतों की नमाज़ भी है अल्बत्ता थोडासा फ़रक़ है (1) तक्बीरे तेहेरीमा केहेते वक़्त (यानी अल्लाहु अक्बर केहेते वक़्त) हाथों को कान्धों तक उठाना (2) हाथों को दोपट्टे से बाहर ना निकालना (3) सीने पर हाथ बान्धना (4) दाहिने हाथ की हथेली बायें हाथ की हथेली की पुष्त पर रख्ना (5) रुकू मे कम झुक्ना (6) रुकू मे दोनों हाथों से गुठ्नों को पकडते वक़्त उँगलियों को मिलाये रख्ना (7) दोनो बाज़ुवों को पेहलुवों से खूब मिलाये रखना (8)दोनो पावुं के टख्ने बिलकुल मिलादेना (9) खूब सिमट कर और दब कर सज्दा करना(10) सज्दे मे बग्लें ना खोलना (11) पेट को दोनों रानों से मिलाये रखना (12) कोहनियों को ज़मीन पर रखना (13) सज्दे मे हाथ और पावुं की उँगलियों को क़िब्ले की तरफ़ करना (14) क़ाइदे मे बाये तरफ़ बैठ्ना (15)दोनों पावुं दाहिनी तरफ़ निकालना (16) क़ाइदे और जल्से मे उँगलियाँ मिलाये रखना

{145} औरत के लिये षरीअत में परदे के 3 दरजे

मुसल्मान औरत जो आज़ाद हो बांदी ना हो बालिग होचुकी हो या बालिग होने के खरीब हो जवान हो या बूढी उसके लिये अजनबी मरदों से परदा करने के 3 दरजे

(1) एक ए के चेहेरा और हथेलियों के अलावा और बाज़ के नज़दीक पैरों के अलावा भी बाक़ी तमाम बदन को कपडे से छुपाया जाये और ये अदना (सब से कम) दरजे का परदा है (2) दुसरा ए के चेहेरा और हथे लियों और पैरों को भी बुरखा वगैरा से छुपाया जाये दरमियानी दरजे का परदा है (3) तिसरा ए के औरत दिवार या परदे के पीछे आड्मे (इस तरह) रहे के इसके कपडों पर भी अजनबी मरदों की नज़र ना पढे ए सब से आला दरजे का परदा है और ए तीनों दरजे के परदे कुरआन व हदीस में मज़कूर हैं और षरीअत में इनका हुकुम मौजूद है (जहाँ तक होसके औरत को तीसरे दरजे का यानी आला दरजे का परदा करने की कोषिष करनी चाहिये ए इसके लिये बेहेतर है)

{146} मसतूरात के 24 घंटे के मुख्तसर काम

औरत का असल काम तो ए है के अपने घरों में पांचों नमाज़ें अव्वल वख्त में खुषू व खुज़ू से खडी होकर पड्ती रहें और क़ुरआने पाक की तिलावत करती रहें अगर पढी हुवी नहीं हैं तो रोजाना अपने किसी मेहेरम से या सही पढ्ने वाली किसी औरत से 2-2, 4-4, आयतें सबक़न सबक़न सीखती रहें सुबाह वा षाम 3-3 तस्बीहात बैठकर पढ्ती रहे तो जियादा अच्छा है

और अपने बच्छों की दीनी तरबियत व तालीम और अपने खाविंद की खिदमत करती रहे और अगर कोई अज़ीज़ रिष्तेदार खातून या सहेली किसी भी काम के लिये आये तो उनहे प्यार व मुहब्बत और हिक्मत से दीन पर चलने और घर में तालीम करने मेहेरमों को अल्लाह के रास्ते में निकालने की तरगीब दें अगर आपने उनको इन बातों पर तय्यार करवाया तो ए बहुत बडी कमायि करली रोज़ाना अपने घर में फ़ज़ाइले आमाल और मुन्तखब अहादीस की तालीम करती रहे जब तालीम करते करते ज़ेहेन बनजाये तो एक जमाअत 5 औरतों की बनाली जाये इस्में 2-3 पुरानी और 2-3 नयि औरतें हो हर एक के साथ उनका हक़ीक़ी मेहेरम (बाप, बेटा, खाविंद,) हो बच्चे साथ ना हो ऐसी जगे जाये जहाँ पूरी जान पेहेचान हो और पहेले से उनको अपने आने की इत्तिला देदी जाये वहाँ पहुंच कर मरदों मे से कोई दुआ कराये और औरतें एक तरफ़ खडी होकर चुप्के चुप्के आमीन कहेती रहें ए जब है के इस्तेख्बाल वालों की भीड ना हो अगर इस्तेख्बाल वाले जियादा हो तो मर्द बाहर दुआ करे और औरत अंदर चली जाये और वज़ू करके नफ़ीलें पढे ब-षरतैके मकरूह वख्त ना हो मरदों की दुआ काफ़ी होजायेगी बेहेतर तो ए है के जहाँ जाना है उस षेहेर में दाखील होते ही दुआ करले अपनी मखसूस गाडी हो तो गाडी में दुआ करना बेहेतर है मरद मस्जीद में जाकर तहिय्यतुल वज़ू और तहिय्यतुत मस्जीद नमाज़ पढ़कर मषोरा करे औरतों के लिये तै करे कोनसी खातून तालीम करायेगी

और कोन खिदमत करेगी वगैरा वगैरा परचे में लिखकर भेजदे और जमाअत को दो हिस्से हरगीज़ ना करे जब तक मषूरे का परचा आये उस वक़्त तक औरतें नफ़िल पढ्ने के बाद जो मुक़ामी बेहेनें आयि हुवी हैं उनसे दीनी तरगीबी बात करे, जब मषूरे का परचा आजाये तो उसके मुताबिक़ काम करे औरतें सिर्फ़ किताबी तालीम करेंगी तखरीर (बयान) की बिलकुल इजाज़त नहीं है अपने ही साथ आयी हुवी बेहेनों से क़ुरआन मजीद की तसहीह (सही) करने का हलक़ा चलाये जितनी देर मुनासिब समझे फ़िर किताबी तालीम करे किताबी तालीम इस तरह आहिस्ता आहिस्ता करे के जो बेहेनें बैठी हैं वो भी समझ जायें और 6 सिफ़ात का मुज़ाकिरा भी हलक़ा बनाकर बैठकर करे ए ज़ोहर से पेहेले का काम है

ज़ोहर के बाद मुक़ामी औरतें तालीम में आयेंगी मषूरे से जिसका तालीम करना तै हुवा है वो खातून तालीम करे मज्मा जियादा हो और घर मे गुंजाइष होतो दो हलक़े कर सकती हैं, फ़ज़ाइले आमाल और मुन्तखब अहादीस के अलावा कोई दुसरी किताब ना पडी जाये किसी खातुन को किसी मसअले की ज़रूरत पढे तो अप्ने किसी मेहेरम के जरिये मोतबर व माक़ुल उलमा से मालुम करे मसाइल की इज्तेमायि तालीम नहीं होगी इन फ़िरादी तौर पर मसाइल की किताब पडी जासकती है

जब कोई मर्द बयान करने आये तो औरते अप्नी तालीम बंद करदे औरते इस्कि पूरी एहेतियात करे के आवाज़ मरदों तक ना पहुंचे मरद हज़रात बयान के बाद

तष्कील का मोक़ा दे औरते मुक़ामी मस्तुरात की तष्कील करे के कोन कोन अप्ने मरदो को अप्ने बेटो को या दुसरे अजीजो को अल्लाह के रास्ते मे 3 छिल्ले या छिल्ले के लिये बेजेंगी और दुआ से पहेले उनके नाम पूरे पते के साथ लिखवा कर भिजवादे ताके उनकी वसूली मे आसानी हो, मर्द दुआ करके चले आये फिर औरते अस्र नमाज़ अदा करे और तस्बीहात पूरी करे अगर कुच मुक़ामि औरते बैठी हो तो इन्से दीनी तरगीबी बात करे मगरिब की नमाज़ के बाद अव्वाबिन पढे और अगर मोक़ा होतो इनफ़िरादी आमाल सीखना सिखाना वगैरा करे या आरम करे इषा की नमाज़ के बाद कोई तालीम नहीं जल्दी आरम करे ताके तहज़्ज़ुद मे उठना आसान हो खाना इषा से पहेले या बाद जैसी सहुलत हो खाले, नमाज़े तहज़्ज़ुद के बाद दुआ मांगे अप्ने माँ बाप और पूरी उम्मत के लिये नमाज़ो को खुषू व खुज़ू से पढ्ने की मष्क करे, बाद नमाज़े फ़ज़र नाष्ते मे देर होतो आरम करले नाष्ता जल्दी हो जाये तो बाद नाष्ता मुख्तसर आरम करले तालीम का जो वक़्त मुक़र्रर है उस्से पहेले अप्ने इनफ़िरादी आमाल व ज़रूरतो से फ़ारिग हो जाये अगर मरदो मे से कोई पुराने साथी बात करने वाले होतो नमाज़े फ़ज़र के बाद 30-40 मिनट बात करे बषरतेके नाष्ते मे देर हो वरना नाष्ते के बाद बात करे ताके औरते षाम तक कामो मे लगी रहेसके नाष्ते से पहेले या बाद अगर आराम करे तो मषुरे से एक बेहेन ऐसी जगा बैठे जहाँ बाहर से आने वाली बेहेनो पर नज़र रहे ये बेहेन क़ुरान षरीफ़ लेकर ना

बैठे तस्बीह लेकर बैठे ताके आने वाली बेहेनो का इस्तेक़बाल कर सके उन्से ऐसी जगे बैठ कर बात करे के सोने वाली बेहेनो की नींद मे खलल ना हो इस लिये के जहँ मंस्तूरात की जमात आती है मुक़ामि औरते मिलने के लिये आया करती है अगर सबको सोता पायेगी तो मायुस होकर वापस होगी इस लिये मषुरे से कभी कोई बैठा करे जमात मे आने वाले मेहेरम मर्द अपनी औरतो से मिल्ने मगरिब से पहेले आसकते है मगरिब के बाद मुनासिब नहीं, लोगों ने जो औरतो का इज्तेमा नाम रख्खा है असल मे औरतो की तालीम है औरते गष्त नहीं करेंगी ना छोटि, ना बडी उमर की, ना मुक़ाम पर ना जमात मे, बाहर निकल्ने के जमाने मे जो मेहेरम साथ आये है वो मुक़ामि मर्दो के साथ मिलकर गष्त करे, और मुक़ामी मरदो को अपनी मस्तुरात को जहाँ तालीम होरही है वहाँ भेजने की दावत दे और ताकीद करे के वो सादा लीबास दरमियानी तरिखे से षिरकत करे, बन सवर कर ज़ेवरो से आरास्ता होकर ना जाये, अगर मुमकिन होतो होटल से रोटी मंगवाले और कोई औरत घर मे सालन बनाले औरत तालीम मे बैठे बैठे सालन देख सकती है

ए 16 बाते वो है जिन्को हज़रत षा मुहम्मद युसुफ़ रहे॥ फ़रमाया करते थे चार काम खूब करने के (1) दावत (2) तालीम (3) इबादत (4) खिदमत, चार काम बिलकुल नहीं करने के (1) इषराफ़ (दिल का सवाल) (2) ज़बान का सवाल (3) इसराफ़ (फ़ुज़ुल खरची) (4) किसी की

चीज़ बगैर इस्की इजाजत इस्तेमल करना, चार कामों मे वख्त कम लगाना (1) खाने पिने मे (2) सोने मे (3) नहाने मे (4) जाइज़ दीगर कामो पे, चार कामो मे दखल ना दे (1) सियासत (2) बेहेस मुबाहसा (3) मसाइल के तज़किरे (4) हालाते हाजिरा

बस दीन व ईमान की फ़िकर हो और आखिरत की सोच आप्ने अच्छा किया जो पूच लिया जो पूच पूच कर चलेगा सही काम करेगा

नोट :- इन बातो मे जान डालने के लिये घर पर फ़ज़ाइले आमाल और मुन्तखब अहादीस की तालीम घर वालो को एहेतेमाम के साथ लेकर रोजाना फ़िकर व लगन से करे

नोट :- जिस वख्त मे निजमुद्दिन बंगले वालि मसजिद मे जैसे उसुल कहे जायेंगे उसपर चलना है

{147} अषरा और छिल्ले मे जाने वाले मसतुरात जमात के हर जोड़े के लिये जरूरी चीज़े

(1) क़ुरान षरिफ़ (प्याकेट सैज़) फ़ज़ाइले आमाल (अव्वल, और दुव्वम) मुन्तब अहादीस, हिदयते आमाल, (2) मुसल्ला (जानिमाज़) (3) तस्बीह (4) मिसवाक (5) क़िब्ला नुमा (6) षरई लिबास (कुर्ता, पैजामा, बुरखा ऐसा होके आँखे नज़र ना आये) लिबास चम्किला नाहो, हथो के लिये दस्ताने, पैरो के लिये साक्स (7) ज़ेवर (सोना, चांदि, खिमति चीज़े) साथ ना हो (8) नोट बुक और पेन (9) सुरमा (10) सर का तेल (11) कंगी (12)

नाखुन तराष (नेयिल कटर) (13) कैंची (14) धागा और सूयि (15) प्लास्टिक की रस्सी 6 मीटर (16) चुम्टे (क्लिप्स) (17) साबुन नहाने और धोने के लिये (18) दांतो का मंजन (टूट पेस्ट) (19) आयिना (मिर्रर) (20) टार्च लैट (21) मरद और औरत के लिये अलग अलग ब्याग (22) बिछाने और वोडने के लिये बिस्तर और टुवाल (23) प्लेट, ग्लास, और वज़ू का लोटा (24) छोटा दस्तर ख्वान

पूरि जमात के लिये :- (1) तआम सेट फेहरिस्त के साथ हो (2) सफ़र के इंतेजाम के लिये दो मीटर के दो परदे एक मीटर के दो परदे (3) प्लास्टिक के चार जग (4) चाय के लिये थर-मास (प्लास्क) (5) पानी पीने के लिये 10 लीटर का डब्बा ।

{148} मस्तुरात के लिये मषोरे का परचा

बतारीख़ : .... बरोज : ....

मस्तूरात का क़ियाम गाह : ....

मरदों का क़ियाम गाह : ....

(1) खिदमत : ....

(2) इस्तेक़बाल : ....

(3) सुबह की तालीम का वक़्त : ....

(4) सुबह तालीम के ज़िम्मेदार : ....

नमाज़े ज़ोहर की तयारी, खाना और थोडी देर खैलुला

(5) ज़ोहर के बाद इज्तेमयि तालीम का वक़्त : ....

(6) ज़ोहर के बाद इज्तेमयि तालीम के जिम्मेदार : ......

(7) मर्दाना बयान का वक़्त : ....

(8) बाद मगरिब अव्वाबिन पढकर निचे के उनवान मे से दो उनवान पर हर खातुन मुज़ाकिरा करे

(I)..............................(II) ....

मगरिब के बाद के उन्वानात

(1) घरों की तालीम (2) दावत की फज़ीलत (3) घरों में दीन किस तरह आये? (4) छे सिफ़ात का मुज़ाक़िरा (5) सुन्नतों का मुज़ाक़िरा (6) सादगी और षरई परदे का एहेतेमाम करना वगैरा (7) बच्चों को दीनी तरबियत और सुन्नतों की पाबंदी (8) अपने मेहेरमों को दीन के कामों मे और अल्लाह के रास्ते में मदद गार बन्ना (9) सबर और तहम्मुल का मुज़ाक़िरा (10) खता रहेमी करने वालों के साथ सिला रहेमी किस तरह करे? (11) गीबत, बोहतान, चुग्ली हसद से बचना (12) अव्वल वख्त मे नमाज़ का एहेतेमाम करना (13) हुक़ूक़ किस तरह अदा करे

(9) फ़ज़र की नमाज़ के बाद छे सिफ़ात का मुज़ाक़िरा फ़रदन फ़रदन करे

(10) फ़ज़र की नमाज़ के बाद मरदाना बात का वक़्त :

(11) आयिन्दा का क़ियाम________ के मकान मे होगा

(12) इन्षाअल्लाह जमात ____________ बजे क़ियाम गाह बदल्ना है

नमाज़ के अवक़ात

ज़ोहर का अव्वल वक़्त ... असर का अव्वल वक़्त..

मगरिब का अव्वल वक़्त ... इषा का अव्वल वक़्त.....

तहज़्ज़ुद का आखिरी वक़्त.. फ़ज़र का अव्वल वक़्त... इषराक़ का षुरु वक़्त ....

{149} हदीसे पाक और हक़ वाले अकाबिर की रोष्नी में औरतों की खिदमत और उन्की फ़ज़ीलत

(1) एक नेक बा–अमल औरत की नेको कारि 70 औलोया अल्लाह की इबादत के बराबर है और एक बदकार औरत की बद कारी 1000 बदकार मरदों की बदकारी के बराबर है (बेहिष्ते ज़ेवर) (2) औरत को हज करने पर जिहाद का सवाब मिलता है (बुखारी मुस्लिम) (3) हामिला औरत की दो रकात की नमाज़ आम औरत की 80 रकात नमाज़ से बेहेतर है बच्चो वाली औरत की दो रकात नमाज़ बगैर बच्चो वाली औरत की 82 साल की इबादत से अफ़्ज़ल है (खवातीन के लिये राहे जन्नत) (4) औरत जब भी अप्ने गरीब षोहर पर एक रुपिया खरच करती है तो इस्को 8000 रूपिये अल्लाह के रास्ते मे खरच करने का सवाब मिलता है (बागे जन्नत) (5) औरत अल्लाह का ज़िकर करते हुवे जब भी अप्ने घर मे झाड़ू देती है तो उस्को खानये काबा मे झाडु देने का सवाब मिलता है (खवातीन के लिये राहे जन्नत) (6) औरत अपनी जिम्मेदारी समझ कर घर मे जाडु देती है घर का काम काज करती है तो जिहाद करने वालो के बराबर सवाब मिलत्ता है (बेहेष्ते ज़ेवर) (7) नेक औरत अप्ने षोहर से पहेले जन्नत मे जायेगी और जन्नत की हूरो से 70,000 दरजे जियादा खुब सूरत होगी (तजकिरतुल खुरतुबी) (8) औरतो मे अगर ज़बान दराजी की बिमारी ना होतो वो दुनिया ही मे हूरों के मानिंद है (खतबाते हकीमुल उम्मत) (9) मोमिन बंदे ने अल्लाह के खजानो

मे से तक़वा (परहेज गारि) के बाद नेक बीवी से बेहेतर कोई चीज़ हसिल नहीं की (इहयाउल उलूम) (10) नेक औरत दीन के कामो मे मददगार होति है (11) धन दौलत मीरास मे भी मिल जाती है लेकीन दानिष मन्द और नेक बीवी दुनिया की चीज़ों मे से नहीं है बलके अस्बाबे आखिरत मे से है और अल्लाह की न्यामत है जो उस्के फ़ज़ल से मिल्ती हैं (12) मरद की बनिसबत औरत का दीनी तालीम याफ्ता होना बेहद जरूरी है क्युंके एक औरत का तालीम याफ़्ता होना गोया के पूरे घराने का तालीम याफ़्ता होना है (मुखामे अखलाख) (13) औरत के लिये सब से बडी षराफत और इज़्ज़त ये है के वो परदे मे रहे ना वो किसी गैर मरद को देखे और ना कोई गैर मर्द उस्को देख सके (14) औरत खुदा की जाते मुक़द्दस से ज़ियादा क़रीब तर उस वक़्त होती है जब के वो अप्ने घर के अन्दर होती है (इहयाउल उलूम) (15) जो औरत गैर मरद से परदा करती है और अपनी बदन को छुपाती है और अपने षौहर की गैर मौजुदगी मे अपनी इज़्ज़त व आबरू की हिफ़ाज़त करती है तो उस औरत को जहन्नम की आग ना जलायेगी, और उस पर जहन्नम हराम है (बागे जन्नत) (16) अगर तुम हया ना करो तो जो चाहे करो (बुखरि, मुस्लीम) (क्युंके हया के साथ तमाम नेकिया और बे हयायि के साथ तमाम बुराइयाँ जुडी हुवी है इस लिये औरत को हया की सख्त ज़रूरत है) (17) औरत की आवाज़ भी औरत है लिहाज़ा उस्का भी परदा करे (बागे जन्नत) (गैर मर्दो के सामने ज़ोर से ना बोले) (18) जन्नत मे लोग अल्लाह पाक का दीदार करने जायेंगे लेकीन जो औरत

दुनिया मे परदे की हालत मे रही हो अल्लाह ब-ज़ाते खुद उन्को अपना दीदार कर वायेंगे (खवातीन के लिये राहे जन्नत) (19) मर्द के लिये बेहेतरीन दौलत नेक अखलाक़ वाली औरत है ऐसी के षौहर की गैर मौजूदगी मे अपनी इसमत (इज़्ज़त) की हिफ़ाज़त करती हो औलाद पर षफ़क़्क़त करती हो और मीठी ज़ुबान वाली हो (20) निकाह के लिये सब से जियादा मुनासिब औरत वो है जो दीनदार हो और मीठी ज़ुबान वाली हो (मिष्कात) (21) मोमिन को सलीक़े मंद नेक बीवी का मिल जाना उस्की सआदत मंदी की अलामत है (खुत्बाते हकीमुल इस्लाम) (22) जो पाक दामन औरत नमाज़ रोजो की पाबन्द हो और अपने षौहर की खिदमत गुज़ार होतो उस्के लिये जन्नत के आठो दरवाज़े खोल दिये जाते है (मिष्कात) (23) जो औरत अच्छे अखलाक़ से अप्ने षौहर को खुष रखती है तो उस्को जन्नत की हूरो पर ऐसी फ़ज़ीलत हसिल होती है जैसे हुज़ूर स़ाल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को अपनी उम्मत पर हसिल है (बागे जन्नत) (24) बेहेतरीन औरत वो है जो अपने षोहर से अछछा सुलूक करती हो और उसकी बात मानती हो (बेहिष्ते ज़ेवर) (25) जिस औरत का इन्तेक़ाल इस हाल में हो के उसका षोहर उस्से राज़ी होतो जन्नत उस पर वाजिब है (बागे जन्नत) (26) जो भी औरत अप्ने षोहर से अछछा सुलूक करती है तो उस्को हर 24 घंटो के बदले मे 1000 ऐसे षहीदों का सवाब मिलता है जो साबिर और मुखलिस हों (गुन्यतुत तालिबीन) (27) जो भी मोमिन औरत अप्ने घर के अन्दर रहेते हुवे षोहर को खुष रख्खेगी और उस्की इताअत करेगी तो

उस्को जुमा, जमाअत, इयादत, उमरह, हज, नमाज़े जनाज़ा, जिहाद वगैरा का सवाब मिलता है (फ़ज़ाइले आमाल) (28) षोहर जब भी परेषान होकर घर आये तो बीवी उस्को खुष आमदिद कहे और तसल्ली देतो. औरत को आधे जिहाद का सवाब मिलता है (बेहिष्ते ज़ेवर) (29) षोहर घर आने पर बीवी उस्को खाना खिलाये और उस्की खियानत ना की होतो उस्को 12 साल की नफ़िल नमाज़ों का सवाब मिलता है (बेहिष्ते ज़ेवर) (30) जो औरत अप्ने षोहर के पावूं षोहर के कहेने से पहेले दबायेगी तो 7 तोले सोना और अगर षहर के कहेने पर दबायेगी तो 7 तोले चांदी सदक़ा करने का सवाब मिलता है (31) जो औरत अप्ने षोहर को अल्लाह के रास्ते मे रवाना करे और खुद अप्नी इज़्ज़त की हिफ़ाज़त करते हुवे घर मे रहे तो वो औरत मरद से 500 साल पहेले जन्नत में जायेगी और 70,000 फ़रिष्तों और हूरों की सरदार होगी और उस्को जन्नत मे गुसुल दिया जयेगा और याक़ूत के घोडे पर बैठ कर अप्ने षोहर का इन्तेज़ार करेगी (खवातीन के लिये राहे जन्नत) (32) जो भी औरत अप्ने षोहर के सताने पर 7 दिन तक सबर करती है तो अल्लाह पाक उस्को 700 साल की मक़बूल इबादत का सवाब अता फ़रमाते है (बागे जन्नत) (33) औरत जब अप्ने षोहर के सताने पर सबर करती है तो उस्को ऐसा अजर मिलता है जैसा के हज़रत आसिया रजि॥ (फ़िरऔन की बीवी) को मिला (इहयाउल उलूम) (34) मियाँ बीवी जब भी आपस मे एक दूसरे को मुहब्बत की निगाह से देखे तो अल्लाह तआला भी उन्हें

मुहब्बत की निगाह से देखते हैं (खवातीन के लिये राहे जन्नत) (35) मियाँ बीवी का आपस मे बैठकर बातें करना हसी दिललगी करना नफ़िल नमाज़ों से भी बढकर है (36) मियाँ बीवी एक दूसरे को दीन का कोयि एक मस-ला सिखाते हैं तो उन में से हर एक को 80 साल की नफ़िल इबादत का सवाब मिलता है (बागे जन्नत) (37) औरत जब भी अप्ने षोहर के लिये बनावु सिंगार करती है तो उस्के लिये एक नेकी लिख्खी जाती है और एक गुनाह माफ़ होता है और जन्नत मे एक दरजा बुलंद होता है और दो साल की मक़बूल इबादत का सवाब मिलता है (गुन्यतुत्तालिबीन) (38) मिया बीवी को गुसुले हाज़त के बदले मे 4000 साल की इबादत का सवाब मिलता है (बागे जन्नत) (39) जब कोयि औरत अप्ने षोहर से हामिला होती है और उस्का षोहर उस्से राज़ी होतो उस्को ऐसा अज़र मिलता है जैसा के अल्लाह के रास्ते के मुज़ाहिद को दिन रात की इबादत पर मिलता है (40) हामिला औरत की हर रात इबादत मे और हर दिन रोज़े मे षुमार होता है (खवातीन के लिये राहे जन्नत) (41) औरत का जो भी हमल गिर जाये वो भी घसीट कर अप्नी माँ को जन्नत मे लेजायेगा बषरतेके सवाब समझ कर सबर करे (42) औरत अगर अय्यामे हमल के ज़माने मे या बच्चे की पैदाइष के वख्त या बच्चे को दूद छुढाने के ज़माने मे इन्तेक़ाल करजाये तो उस्को षहादत का दरजा मिल्ता है (बेहेष्ते ज़ेवर) (43) बच्चे की पैदाइष के वख्त माँ को हर रग के दर्द पर एक मक़बूल हज का और एक गुलाम आज़ाद करने का सवाब मिलता है (ख॥ नजात) (44) बच्चे की पैदाइष की

तक्लीफ़ बरदाष्त करने पर माँ को ऐसी न्यामते अता की जाती हैं जिन्की खबर इन्सान, जिन्नात और फ़रिष्तो को नही (बेहेष्ते ज़ेवर) (45) एक बच्चे की पैदाइष पर माँ को 70 साल की नमाज़, रोज़ों का सवाब मिल्ता है (ख॥ नजात) (46) बच्चे को दूद पिलाने पर माँ को हर खतरे के बदले मे एक नेकी मिल्ती है और एक गुलाम आज़ाद करने का सवाब मिलता है और ऐसा सवाब मिलता है जैसे किसी जानदार को जिंदगी देने पर मिलता है और दूद पिलाने के बदले मे उस औरत पर जन्नत वाजिब करदी जाती है (47) जो औरत अपने बच्चो के रोने की वजे से ना सो सके तो उसको अल्लाह के रास्ते मे 70 गुलाम आज़ाद करने का सवाब मिलता है (बेहेष्ते ज़ेवर) (48) जब रात मे बच्चा रोये और माँ बगैर चिड चिडाहट के बच्चे को दूद पिलावे तो उसको एक साल की नमाज़, रोज़ो का सवाब मिलता है (49) ज़ो औरत अपने बच्चे की वज़ेसे परेषान रहे और बच्चे को आराम पहुंचाने की कोषिष करे तो उसके तमाम (सगीरह) गुनाह माफ़ करदिये जाते हैं.और 12 साल की मक़बूल इबादत का सवाब मिलता है (50) औलाद जन्नत के फ़ूल है जिन्हे देख्ने से माँ बाप को खुषी होती है(51) बेहेतरीन औरत वोहै जो अप्नी औलाद से मुहब्बत रखती हो और उन पर षफ़क़्क़त करती हो

<u>गुज़ारिष :-</u> इन तमाम आमाल का एहेतेमाम फ़राइज़की पाबन्दी के साथ करते रहे

{150} <u>गुट्का खावो एक से बडकर एक इनाम पावो</u>

1) पहला इनाम – क्यान्सर
2) दूसरा इनाम – गुरदों की खराबी
3) तीसरा इनाम – हाथ, पैरों मे थर थराहट

4) चौथा इनाम – जवानी मे बुडापा
5) पांच्वा इनाम – गले हुवे गाल
6) छे ा इनाम – खान्सी बलगम मे इज़ाफ़ा
7) सातवाँ इनाम – छोटा मूँ
8) आठवाँ इनाम – गरीबी, मुफ़लिसी
9) नवाँ इनाम – पैसों की बरबादी
10) आखिरी बंपर ड्रा – खाह म–खाह चार खन्दों पर सवार होकर दुनिया से रवानगी ।

{151} बच्चो के नाम

जब बच्चा पैदा हो उस्के दायें कान मे अज़ान और बायें कान में तकबीर कहें जब सात दिन का होजाये तो उस्का अक़ीक़ा करे फिर अछछा नाम रख्खे किसी बुज़रुग से छुवारा चबवाकर बच्चे के मूँ मे डाले या चटाये

नोट :– लड्के के नाम के षुरु मे मुहम्मद या आखिर मे अहमद रखले तो बहुत अछछा है ।

लडको के नाम

सि.नं.	नाम	मानें	सि.नं.	नाम	मानें
1.	अरषद	सीधे रास्ते पर चल्ने वाला	11.	जाबिर	टूटी हड्डि जोड्ने वाला
2.	अन्सर	मदद करने वाला	12.	जमाल	खूब सूरति
3.	बोकतियार	खुश खिस्मत	13.	हबीब	दोस्त
4.	बशिर	खुश खबरि देने वाला	14.	हामिद	तारीफ़ करने वाला
5.	पाषा	सरदार	15.	खालिद	हमेशा रेहेने वाला
6.	परवेज़	फ़तेह मन्द	16.	खलील	सच्चा दोस्त
7.	तकद्दुस	पाक	17.	दानिष	अक़ल मन्द
8.	तन्वीर	रोषन करना	18.	दिलावर	बहादुर
9.	साक़िब	चमक दार	19.	जाकिर	ज़िकर करने वाला
10.	समीन	खीमति	20.	जिषान	षोकत वाला

सि.ने.	नाम	माने	सि.ने.	नाम	माने
21.	अब्दुर रहेमान	मेहेरबान का बन्दा	41.	फ़ारूक़	हक व बातिल मे फ़रक करने वाला
22.	अब्दुर रक़ीब	निगेहबान का बन्दा	42.	फ़राज़	कुषादा
23.	ज़ाहिद	मुत्तक़ि	43.	क़ासिम	बाट्ने वाला
24.	ज़व्वार	ज़ियारत कर्ने वाला	44.	क़दीर	क़ुदरत वाला
25.	साजिद	सज्दा करने वाला	45.	करीम	सखि
26.	सर फ़राज़	बुलंद	46	कलीम	बात करने वाला
27.	षादाब	तरो ताजा	47.	गुलरेज़	पुल झडि
28.	षफीक़	मेहेरबान	48.	गोहर	मोति
29.	साबिर	सबर करने वाला	49.	लुक़मान	तजरुबेकार
30.	सादिक	सच्चा	50.	लियाक़त	क़ाबिलिय्यत
31.	ज़मीर	दिल व दिमाग	51.	माजिद	बुज़रुग
32.	ज़िया	रोषनि	52.	मुज़ाहिद	खुदा कि राह मे लड्ने वाला
33.	ताहिर	पाक	53.	नासिर	मदद गार
34.	तय्यिब	कुष्बो	54.	नदीम	हम नषिन
35.	ज़हूर	ज़ाहिर	55.	वाइ न	नसिहत करने वाला
36.	ज़हीर	मदद गार	56.	वाहिब	देने वाला
37.	आबिद	इबादत करने वाला	57.	हादि	रास्ता दिकाने वाला
38.	अलीम	जान्ने वाला	58.	हारून	पैगंबर का नाम
39.	गनि	बे नियाज़	59.	याक़ूत	एक क़िमति फत्तर
40.	अब्दुल गफ़ूर	माफ़ करने वाले का बंदा	60.	यावर	मदद करने वाला

लड़िकयों के नाम

सि.नं	नाम	माने	सि.नं.	नाम	माने
1	आदिबा	ईल्म जान्ने वालि	20	रज़िया	पसंदीदा
2.	आमिना	अमन वलि	21	ज़ेबा	खुष नुमा
3	बरजिस	सितारा	22	ज़ीनत	आरास्तगि
4	वदरुन्निसा	चौदवि का चान्द	23	साजिदा	सज्दा करने वालि
5	पारस	एक किसम का पथ्थर	24	सादिया	नेक बख्त
6	परविन	चान्द, सितरो के नाम	25	षाकिरा	षुकुर गुज़ार
7	तस्लीम	मान्ना	26	षाफ़िआ	सिफ़ारिष करने वालि
8	सरवत	माल कि ज़्यादति	27	साबिरा	सबर करने वालि
9	जबीन	पेषनि	28	सालेहा	नेक औरत
10	जमीला	खुब सुरत	29	ज़मीर	दिल व दिमाग
11	हामिदा	तरीफ़ करने वलि	30	ज़ियाउन्निसा	रोषनि
12	हसीना	खुब सुरत	31	तालिआ	नसिब वाली
13	खालिदा	हमेष रहेने वलि	32	तय्यिबा	अज़िज़
14	खुरषीद	सुरज	33	ज़रिफ़ा	खुष तबा
15	दिल षाद	खुष व खुर्रम	34	ज़हीरा	मदद गार
16	दिल नवाज़	मन पसंद	35	आबिदा	इबादत करने वालि
17	ज़ाकिरा	ज़िकर करने वलि	36	इषरत	खुषि
18	ज़किय्या	तेज़ फहेम	37	गफ़ूरुन्निसा	माफ़ करने वालि
19	राषिदा	हिदयत यफ्ता	38	गय्यूरुन्निसा	षरम करने वालि

सि.नं	नाम	माने	सि.नं	नाम	माने
39	तबस्सुम	मुस्कुराहट	51	मुबीना	रोषन
40	समीना	क़ीमती	52	मुहसिना	एहेसान मंद
41	फ़रहत	खुष खुर्रमि	53.	नाजिदा	मदद गार दिलेर औरत
42	फ़रखन्दा	नेक	54	नातिया	तारिफ़ करने वालि
43	क़ुदुसिय्या	नेक बंदि	55	वाइज़ा	नसीहत करने वालि
44	क़मरुन्निसा	चांदनी	56	वसिमुन्निसा	खूब सूरत
45	कौसर	बेहिष्त कि एक नदि	57	हादिया	रास्ता दिखाने वालि
46	काषिफ़ा	ज़ाहिर करने वालि	58	हिदायतुन्निसा	रेहेबरी करने वालि
47	गुल अफ़्षा	पूल	59	यास्मिन	चंबेली का पूल
48	गुल ज़ार	बाग	60	ऐमन	सआदत
49	लतिफ़ा	बारीक बिं			
50	लियाक़तुन्निसा	क़ाबिलिय्यत वालि			

पब्लिषर :-

मक्बुल बुक डिपो

षाप नेम. 66-11 नज़्द जामिआ मस्जिद

कर्नूल (ज़िला) ए.पि

मेबैल : 094403 75218 094931 34441